TODAY

Family Violence Help Centre

It starts today

टुडे फैमिली वायलेंस हेल्प सेंटर

780-455-6880

www.todaycentre.ca

facebook.com/TodayCentre

@TodayFV #ThereIsHelp (यहा मदद है)

पारिवारिक हिंसा / दुर्व्यवहार सहायता पुस्तिका

Printed April 2018 टुडे फैमिली वायलेंस हेल्प सेंटर

दोबारा छापने की अनुमति के लिए हमसे संपर्क करें....... 2
यहपुस्तिकाकिसकेलिएहै?....... 3
यह पुस्तिका किस बारे में है?....... 3
पारिवारिक / संबंध हिंसा–इसका क्या मतलब है?....... 3
बुरे बरताव के उदाहरण 3
क्या यौन उत्पीड़न पारिवारिक / संबंध हिंसा का हिस्सा होता है? 4
हिंसा का चक्र क्या है?....... 4
कानून के खिलाफ क्या है? 4
असाल्ट (हमला) 4
आपराधिक उत्पीड़न (पीछाकरना) 4
धमकीया देना....... 4
न्यायालय के आदेश की उललघना करना....... 4
क्या केवल आप ही अकेले हैं?....... 5
क्या आप कैनेडा में नए हैं?....... 5
किस प्रकार की सहायता उपलब्ध है? 5
मैं अपने बच्चों, मेरे पालतू जानवरों और खुद को सुरक्षित कैसे रखूं?....... 5
एक सुरक्षा योजना क्या है?....... 5
यदि मेरे पास पालतू जानवर है तो मुझे एक सुरक्षा योजना में क्या-क्या शामिल करना चाहिए? 6
मैं कहाँ जाऊं? 6
मेरे पालतू जानवर कहाँ जा सकते हैं? 6
इंटरनेट पर खुद को कैसे सुरक्षित रखें 6
माइक्रो सॉफ़्ट इंटरनेट एक्सप्लोरर....... 6
गूगल क्रोम 6
सफारी....... 6
पुलिस से संपर्क करना 7
क्या होता है जब पुलिस आती है?....... 7
मैं एक सुरक्षित जगह कैसे प्राप्त करूं?....... 7
क्या मुझे चिकित्सा उपचार लेना चाहिए?....... 7
क्या मुझे अपना घर छोड़ना पड़ेगा? 7
यदि मेरा साथी गिरफ्तार हो जाता है तो क्या होगा? 7
यदि मैं आरोप को आगे नहीं बढ़ाना चाहूँ तो क्या होगा? 8
यदि मेरा साथी गिरफ्तार नहीं होता है,क्या फिर भी आरोप (चार्ज) लगाया जा सकता है? ... 8
आरोप कब नहीं लगाये जाते हैं?....... 8
क्या होगा यदि मैं पुलिस को तुरंत नहीं बुलाऊँ?....... 8
जमानत की सुनवाई होने पर क्या होगा?....... 8
क्या मेरा साथी हमारे बच्चों को देखने में समर्थ होगा? 8
मैं अपने साथी को रिहाई की शर्तों को कैसे पता करूँ? 8
क्या होगा यदि मेरा साथी या मैं रिहाई की शर्तों का पालन नहीं करते हैं?....... 8
यदि आप एक हिंसक संबंध को छोड़ देते हैं....... 8
बच्चों का क्या होगा?....... 8
मेरे पालतू जानवरों का क्या होगा?....... 9
क्या मेरा साथी स्कूल जा सकता / सकती है और बच्चों को ले सकता / सकती है?....... 9
अगर मैं घर छोड़ दूँ, क्या मेरा साथी को घर रखने का हक़ होगा?....... 9
यदि मैं छोड़ दूँ, तो क्या पुलिस मुझे मेरी चीजों को प्राप्त करने में मदद करेगी? 9
मैं पैसे के लिए क्या करूँ? 9
मुझे कानूनी सहायता कहां से मिलेगी?....... 9
न्यायालय की प्रक्रिया 10
परिचय 10
क्राउन प्रोसिक्यूटर (सरकारी अभियोजक) कौन है?....... 10
क्या मुझे एक गवाह के रूप में न्यायालय में जाना होगा? 10
क्या होगा यदि मैं गवाह नहीं बनना चाहूँ या न्यायालय में पेश नहीं होना चाहूँ?....... 10
मुझे कैसे पता चलेगा कि मुझे न्यायालय में कब पेश होना है? 10
एक विक्टिम इम्पैक्ट स्टेटमेंट ("पीड़ित व्यक्ति प्रभाव" बयान) क्या होता है?....... 10
क्या मुझे न्यायालय की हर तारीख पर न्यायालय में पेश होना होगा? 10
पहली पेशी पर क्या होता है?....... 10
मुकदमा....... 11
क्या मेरे बच्चों को गवाहों के रूप में बुलाया जाएगा?....... 11
बचाव पक्ष का वकील क्या करता है? 11
न्यायाधीश क्या करता है? 11
आरोपी को दोषी क्यों नहीं पाया जा सकता है? 11
यदि मेरा साथी दोषी पाया जाता है तो क्या होगा?....... 11
मेरे साथी को किस तरह की सज़ा मिलेगी? 11
'कंडीशनल डिस्चार्ज विथ प्रोबेशन' (परिवीक्षा के साथ सशर्त रिहाई)....... 11
'प्रोबेशन' के साथ सज़ा का स्थगन 11
जेल11
मुझे कैसे पता चलेगा कि मेरा साथी जेल से कब बाहर आयेगा?....... 11
यदि मेरा साथी जेल में नहीं डाला जाता है तो मुझे कैसे सुरक्षित किया जा सकता है?....... 12
इमरजेंसी प्रोटेक्शनआर्डर (आपातकालीन सुरक्षा आदेश; ईपीओ)....... 12
क्वीन्स बैंच प्रोटेक्शन आर्डर (Queen's Bench Protection Order)....... 12
रेस्ट्रेनिंग आर्डर (Restraining Order) 12
पीस बॉन्ड (Peace Bond)....... 13
उपलब्ध वित्तीय लाभ....... 13
रेस्टीटूशन (क्षतिपूर्ति) 13
हिंसक अपराधों के शिकार लोगों के लिए वित्तीय लाभ....... 13
गरेलु हिंसा से भागे पीड़ित अल्बेर्तानों के लिए सहायता 13
एक सुरक्षित स्थान तक पहुंचना और मदद और सुरक्षा पाना....... 13
एक नए घर का इंतज़ाम करना 14
एक नयी ज़िन्दगी की शुरुआत करना....... 14
क्या होगा यदि आप संबंध को समाप्त करना चाहते हैं?....... 14
मेंटेनेंस और सपोर्ट (रख रखाव और मदद) 14
फॅमिली लॉ एक्ट (पारिवारिक कानून अधिनियम)....... 14
कानूनी हक....... 14
एक बच्चे को देश से बाहर ले जाना 15
गार्डियनशिप (संरक्षकता) 15
ऍक्सेस् (पहुँच) 15
संपत्ति 15
मीडिएशन (मध्यस्थता) क्या है?....... 15
कौन मदद कर सकता है? 16
फोननंबर....... 16
आपातकालीनलाइनें (Emergency Lines) 16
पारिवारिकहिंसाकीसूचना (Family Violence Information) 16
गैर-आपातकालीनलाइनें (Non-Emergency Lines)....... 16
क्राइसिस (संकट) (Crisis)....... 16
शार्टटर्मकाउंसलिंगसर्विसेज़ (Short Term Counselling) 16
कानूनीसेवाएं (Legal Services)....... 16
सामुदायिकसेवाएं (Community Services) 16
अन्यऑनलाइनसंसाधन (वेबसाइटें):....... 16
Notes 17

दोबारा छापने की अनुमति के लिए हमसे संपर्क करें

इस पुस्तिका में निहित जानकारी एडमोंटन में पारिवारिक हिंसा के क्षेत्र में वर्तमान सामान्य मार्गदर्शन पर आधारित है और केवल पुस्तिका के संसाधन खंड में सूचीबद्ध एजेंसियों में से किसी एक का समर्थन के साथ उपयोग किया जाना चाहिए।

टुडे फैमिली वायलेंस हेल्प सेंटर

780-455-6880

पारिवारिक हिंसा सहयोग पुस्तिका

यहपुस्तिकाकिसकेलिएहै?

इस पुस्तिका में दी गई जानकारी किसी भी ऐसे व्यक्तियों के लिए हैजिनके साथ वर्तमान (या पूर्व) पति या पत्नी,साथी, प्रेमी या प्रेमिका द्वारा गलत बरताव,हमला किया गया है या परेशान किया जा रहा है, और

- एक हिंसक / दुर्व्यवहारित संबंध में हैं, या
- एक हिंसक / दुर्व्यवहारित संबंध को छोड़ दिया हैं, या
- एक हिंसक / दुर्व्यवहारित संबंध को छोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

प्रदान की गयी यह जानकारी सभी लिंग,उम्र और संस्कृतियों के लोगों परऔर सम-लिंगी संबंधों के लोगों पर भी लागू होती है जो बुरे बरताव का सामना कर रहे हैं। इस पुस्तिका में "पार्टनर" शब्द का अर्थ है वर्तमान या पूर्व, पति या पत्नी, आम-कानूनी(कामन ला) पति या पत्नी, प्रेमी या प्रेमिका।

यदि आप को संदेह है कि आपके किसी परिचित यक्ति के साथ हिंसा या बुरा बरताव किया जा रहा है,तो कृपया उन्हें टुडे फैमिली वायलेंस हेल्प सेंटर या इस पुस्तिका के पीछे दिये गये संसाधनों मेंसे किसी एक एजेंसी से संपर्क करने की सलाह दे।

यह पुस्तिका किस बारे में है?

यह पुस्तिका बताती है कि आप बुरे बरताव की स्थिति में अपने आप को बचाने के लिए क्या कर सकते हैं, कैसे मदद प्राप्त कर सकते हैं, कैसे आपके व्यक्तिगत अधिकार और न्याय प्रणाली पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी लागू होती है चाहे आप संबंध में रहना या छोड़ना चुनते हैं। आपको पुलिस,अदालतों और अन्य विभिन्न एजेंसियों के द्वारा दी जाने वाली सहायता के प्रकार के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी।

इसमें निम्नलिखित के बारे में जानकारी शामिल है:

- परिवारिक हिंसा या संबंध हिंसा कैसी दिखती हैऔर महसूस होती है।
- यदि आप पर हमला किया गया है, आप पर हमला करने की धमकी दी गई है,या आपराधिक रूप से परेशान किया जा रहा है (पीछा किया गया हैऔर / या जुनूनी निगरानी की गयी है) तोआप क्या कर सकतेहैं।
- ईपीओ (आपातकालीन सुरक्षा आदेश) कैसे प्राप्त करें।
- जब आप एक हिंसक सबंध को छोड़ना चाहते हैं तो क्या करें।
- जब पुलिस को बुलाया जाता है तो वे क्या कार्यवाही करते हैं।
- अदालती प्रक्रिया क्या होती है।
- भावनात्मक सहयोग, वित्तीय सहायताऔर कानूनी सलाह कौन प्रदान कर सकता है।

पारिवारिक / संबंध हिंसा–इसका क्या मतलब है?

पारिवारिक हिंसा या संबंध हिंसा को संबोधित करते समय,"हिंसा" शब्द एक संबंध में बुरे बरताव के एक व्यवस्थित तरीके को बताता है जो कि मित्रता / नीजी, निर्भरता और / या विश्वास से संबंधित होता है। बुरा बरताव एक संदर्भ / प्रसंग में मौजूद होता है जिसमें उद्देश्य शक्तिऔर नियंत्रण पाना और डर पैदा करना होता है सीआईएएफवी, 2001)। इसमें डराना- धमकाना और शारीरिक या यौन उत्पीड़न की धमकी के कई बरताव शामिल होते हैं। एक बुरा बरताव करने वाला पीड़ित के महत्व की भावना को दूर करने के लिए पीड़ित पर शक्ति और नियंत्रण हासिल करने के लिए इन बरतावों का इस्तेमाल करता है। बुरा बरताव भावनात्मक या मौखिक रूप से शुरू हो सकता है,और धीरे-धीरे शारीरिक या यौन हिंसा के रूप में बढ़ सकता है। पारिवारिक हिंसा में नीजी साथियों, माता-पिता और बच्चों, बालिग बच्चों और उनके माता-पिता (बुज़ुर्ग) भाई-बहन के संबंध,और नजदीकी परिवारों के संबंध शामिल होते हैं।

बुरे बरताव के उदाहरण

बुरा बरताव शारीरिक, यौन, भावनात्मकऔर वित्तीय हो सकता है। निम्नलिखित कई हिंसक / दुर्व्यवहार के केवल कुछ उदाहरण हैं:

- एक पालतू जानवर को धमकी देना, नुकसान पहुंचाना, बेपरवाही करना या हत्या करना;
- अकेले या दूसरों केसामनेआपको नीचा दिखाना या अपमानित करना;
- आप पर चिल्लाना, आपका अपमान करना या आपको नाम (गाली) से पुकारना;
- घर से बाहर जाना रोकना, फोन का इस्तेमाल करने या मेहमानों को बुलाने से रोक के आपको दूसरो से अलग करना;
- अनजान लोगों को आपकी यौन उनमुखता या लिंग की पहचान बताने की धमकी देना;
- आपके वित्त नियंत्रण को हटाना;
- आप क्या करते हैं, आप कहां जाते हैं, आप किसे देखते हैं, और क्या पहनते हैं इसे नियंत्रित करना और सीमित करना;
- चीजों को तोड़ना और संपत्ति को नुकसान पहुंचाना;
- आपको, आपके बच्चों को, अपने पालतू जानवरों, या आप के किसी परिचित को धमकाना;
- आप पर यौन संचारित स्पर्श रोग (एसटीआई) को उजागर करना, या आप को यौन संरक्षण या जन्म नियंत्रण का इस्तेमाल करने की अनुमति न देना;
- आपको अनचाहित शारीरिक रिश्तों के लिए मजबूर करना,या आपको शारीरिक रिश्तों के लिए मंज़ूरी देने से रोकना, या आपकी नामंज़ूरी को नज़र अंदाज़ करना;
- आपको धक्का देना, थप्पड़ मारना, मुक्का मारना , गला दबाना, या लात मारना;
- आपको श्रद्धा या दुआ की अनुमति न देना,या आप पर नियंत्रण रखने के लिए शास्त्रो (धामिक ग्रथ) और सहीफों की मतलब में हेर फेर करना;
- यदि आप उनके नियमों का पालन नहीं करते हैं, या संबंध में नहीं रहते हैं, तो खुदकुशी करने की धमकी देना;
- किसी भी प्रकार की किसी वस्तु से आपको चोट पहुँचाना;
- आपके आव्रजन (इमीग्रेशन) पत्र और दस्तावेज़ रखना; या
- आपको निर्वासित करने की धमकी देना।

क्या यौन उत्पीड़न पारिवारिक / संबंध हिंसा का हिस्सा होता है?

सहमति के बिना यौन संबंध का कोई भी रूप यौन उत्पीड़न होता है। अनचाहे यौन ध्यान और शोषण के कृत्यों सहित, इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- अनुचित स्पर्श या छेड़ छाड़ करना;
- अनिच्छुक साथी को अश्लील सामग्री दिखाना;
- किसी चीज से यौन उत्पीड़न;
- मजबूर बंधन; या
- यौन उत्पीड़न या बलात्कार।

जब ये गतिविधियां परिवारों और नीजी संबंधो के भीतर होती हैं, तो वे पारिवाहिक या संबंध हिंसा का भाग बन जाते हैं। बुरा बरताव करने वाले पीड़ितों को अपमानित करनेऔर उन्हें दुखी केलिए सेक्स का उपयोग करते हैं, जो उन पर शकिती हासिल करनेऔर नियंत्रण पाने का एक तरीका होता है।

हिंसा का चक्र क्या है?

बुरा बरताव अक्सर एक चक्र में होता है। एक अपमानजनक घटना के बाद, बुरा बरताव करने वाला माफी मांग कर, खुद के अलावा किसी चीज या किसी व्यक्ति पर दोष लगाकर, और प्यार करने और देख भाल करने वाला व्यवहार दिखाकर संबंध सुधारने की कोशिश करता है। यदि बुरे बरताव की घटना पर चर्चा नहीं की जाती है और संबंध में उन लोगों के बीच हल नहीं किया जाता है, तो गलत व्यवहार एक बार फिर होगा जब एक पीड़ा जनक स्थिति पैदा होगी।

याद रखें: एक संबंध में झगड़ा सामान्य होता है, लेकिन हिंसा / दुर्व्यवहार नहीं।

यदि परिवार मे पीड़ित और संबंधी हिंसा पर चुप रहते है, तो शर्म की बात, भ्रम, भय और क्रोध का प्रभाव दूर नहीं होगा। किसी भी रूप में पारिवारिक हिंसा का शिकार होना आप की गलती नहीं है। आपको सुरक्षित रहने और सुरक्षित महसूस करने का अधिकार है।

कानून के खिलाफ क्या है?

कई तरह के बुरे बरतावों को अपराध के रूप में देखा जाता है जो कानून के खिलाफ होते हैं, और पुलिस उन लोगों पर आरोप लगा सकते हैं जो हिंसक / दुर्व्यवहार दिखाते हैं। पारिवारिक और संबंध हिंसा में दो सबसे आम आरोप है हमला और आपराधिक उत्पीड़न (पीछा करना और / या पागलों की तरह पीछा किया जाना)।

असाल्ट (हमला)

हमले में शामिल हो सकते हैं (लेकिन यहा तक सीमित नहीं होते है):

- आपको मारना या शारीरिक रूप से चोट पहुँचाना;
- आपको या किसी और को चोट पहुंचाने की धमकी देना; या
- आपको किसी भी यौन गतिविधि में मजबूर करना।

आपराधिक उत्पीड़न (पीछाकरना)

आपराधिक उत्पीड़न (अक्सर पीछा के रूप में जाना जाता है) धमकियों, कृत्यों, और अनचाहे ध्यान का एक तरीका होता है जो आपकी अपनी सुरक्षा या दूसरों की सुरक्षा के भय का कारण होता है। यह व्यक्तिगत हो सकता है और इंटरनेट या इलेक्ट्रॉनिक्स (उदाहरण के लिए, एक सेलफोन) के माध्यम से हो सकता है। आप ऐसा महसूस कर सकते हैं कि कोई आप पर नजर रख रहा है,और आपको चलते समय अपने पीछे देखने की आदत पङ जाती है। आपको यह डर हो सकता है कि कोई व्यक्ति आपको या आपके साथ रहने वाले लोगों को चोट पहुँचा सकता है। आपराधिक उत्पीड़न का परिणाम जरूरी नहीं है कि शारीरिक चोट हो, लेकिन यह भविष्य मे होने वाली हिंसा के रूपों का भी संकेत हो सकताहै।

यदि कोई व्यक्ति नीचे सूचीबद्ध कार्यों में से किसी एक को करता है जिसस आपको अपनी सुरक्षा या आपके बच्चों या पालतू जानवरों की सुरक्षा के लिए डर पैदा होता है, तो यह आपराधिक उत्पीड़न (पीछा करने) के अपराध के अंतर्गत आता है:

- आपसे बार-बार संपर्क करना (जैसे आपसे आधी रात में या काम पर या घर पर संपर्क करना;)
- आपको या दूसरों को अश्लीलया घिनौने फोन कॉल करना, या बार-बार फोन करना और बोलने के बिना लटका के रखना;
- आप या आपके प्रियजनों की निगरानी करना या नजर रखना (जैसे आपके घर या कार्यस्थल के बाहर पार्किंग में);
- अनचाहे उपहार भेजना;
- आपको, दूसरे परिवार के सदस्यों या आपके दोसतो को नुकसान पहुंचाने की धमकी देना;
- संपत्ति को नष्ट करने या आपके पालतू जानवरों को नुकसान पहुंचाने की धमकी देना; या
- कुछ ऐसा करना जिससे आप को डर हो कि उस सेआपको नुकसान होगा।

यदि आप पर ऊपर बतायी गयी कोई भी कार्यवाही हो रही है, तो तुरंत पुलिस को बुलाएं। आपके मामले के साथ पुलिस को मदद करने के लिए, हर घटना का एक लिखित रिकॉर्ड रखें। इस रिकॉर्ड में क्या हुआ, यह कहॉ हुआ, तारीख और समय का विवरण शामिल हो। हमला और आपराधिक उत्पीड़न कानून के खिलाफ हैं। आपके पास बचाव और सुरक्षा का अधिकार है।

धमकीया देना

आपका / आपकी साथी धमकी देने का दोषी हो सकता है यदि निम्न में से कुछ भी होता है:

- किसी को मारने या चोट पहुँचाने की धमकी देना;
- संपत्ति को जलाने, नष्ट करने या क्षति पहुंचाने की धमकी; या
- किसी पालतू जानवर को मारने, ज़हर देने या चोट पहुँचाने की धमकी देना।

न्यायालय के आदेश की उललघना करना

न्यायालय के आदेशों का पालन करने से इनकार करने के परिणाम स्वरूप आरोपी पर एक आपराधिक दोष का आरोप लगाया जाएगा। यदि दोषी पाया जाता / जाती है,तो जुर्माना या जेल की सज़ा शामिल हो सकती है।

क्या केवल आप ही अकेले हैं?

नहीं, आप ही अकेले नहीं हैं। सभी उम्र, लिंग, यौनउनमुख, आर्थिक और सामाजिक पृष्ठभूमि, और जातीय और सांस्कृतिक समूहों के लोगो को हिंसा / दुर्व्यवहार का अनुभव हो सकता है।

कैनेडा में,पुरुषों की तुलना में महिलाओं की पारिवारिक हिंसा का शिकार होने की अधिक संभावना है। 16 वर्ष की उम्र से, कम से कम आधी कैनेडियन महिलाएं शारीरिक या यौन हिंसा की कम से कम एक घटना के अनुभव की रिपोर्ट करती है(स्टेटिस्टिक्स कैनेडा)। पारिवारिक और संबंध हिंसा एलजीबीटीक्यू (LGBTQ) समुदाय में भी हो सकती हैं।

बुजुर्ग **और विकलांग लोग** हिंसा की चपेट में अधिक हो सकते हैं, जो अक्सर " बुजुर्ग बुरे बरताव" (ऐलडर **एब्यूज**) शब्द के तहत आता है। बुजुर्गवयस्कों (65+) की सहयोग सेवाओं के लिए, 780-454-8888 पर सीनियर एब्यूज (यानी, ज़ुल्म याअत्याचार) हेल्पलाइन से संपर्क करे।

नये आनेवाले : यदि भाषा की समस्याएं, परिवार का दबाव, नस्ल वाद, समलैंगिकता के खिलाफ विचार या कृत्तियाँ (Homophobia) या ट्रांसफॉबिया (Transphobia) हैं, तो पीड़ित भी आपने आप को अकेले महसूस कर सकता / सकती हैं। यदि आप कैनेडा में नये हैं, तो यदि आप पुलिस या एक सेवा से संपर्क करते हैं, तो आपको निर्वासित किये जाने का डर हो सकता है।

याद रखें: आपको कैनेडा में उत्पीड़न मुक्त जीवन का अधिकार है।

ऐसे कई संसाधन हैं जो आपकी सहायता कर सकते हैं। 780-455-6880 पर टुडे सेंटर से संपर्क करें या सहयोग सेवाओं के लिए इस पुस्तिका के पीछे दिये गये संसाधनों को देखें जो इस समय आप की मदद कर सकते हैं।

यदि आपका शोषण किया जा रहा है, तो यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि पारिवारिक या संबंध हिंसा / दुर्व्यवहार एक निजी मामला नहीं है। हमला और आपराधिक उत्पीड़न (धोखाधड़ी और / या अधिक निगरानी की जा रही है) अपराध हैं। यदि आप पर हमला किया जा रहा है या आपराधिक उत्पीड़न किया जा रहा है, तो कृपया पुलिस को फोन करें या उन एजेंसियों से संपर्क करें जो आपकी सहायता कर सकती हैं।

क्या आप कैनेडा में नए हैं?

यदि आप कैनेडा में नए हैं और आपका / आपकी पार्टनर आपके प्रति हिंसक होता / होती है, तो कृपया निम्नलिखित जानकारी से अवगत रहें:

- अगर आपके पास स्थायी निवासी का दर्जा है,तो अगर आप संबंध को छोड़ देते हैं तो आपको देश से निर्वासित नहीं किया जाएगा, भले ही आपका पति / पत्नी आप को स्पांसर (sponsor) कर रहा हो।
- यदि आप का पति / पत्नी आपका स्पांसर (sponsor) है और आप अपने पति / पत्नी को छोड़ देते हैं, तो आप अपने और अपने बच्चों के लिए सामाजिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।
- यदि आप एक शरणार्थी (रिफ्यूजी) दावेदार हैं या आपके पास स्थायी निवासी का दर्जा नहीं है, तो तुरंत कानूनी मदद लें। कैनेडियन आप्रवासन दिशा निर्देश (इमीग्रेशन गाइड लाइन्स) उन व्यक्तियों को कुछ सुरक्षा प्रदान करते हैं जिनके साथ उनके साथियों के द्वारा बुरा बरताव / हिंसा की जाती है।
- यदि आप अपने पति या पत्नी को प्रायोजित (स्पांसर) कर रहे हैं और आपका पति या पत्नी आपके साथ बुराबरताव / हिंसा कर रहा हैं, तो आप कानूनी मदद के हकदार हैं।
- यदि अंग्रेजी आपकी पहली भाषा नहीं है, तो 780-455-6880 में टुडे सेंटर या इस पुस्तिका के पीछे दिये गये संसाधनों में सूचीबद्ध अन्य संस्थाएं एकदुभाषि ये की व्यवस्था कर सकती हैं।

किस प्रकार की सहायता उपलब्ध है?

यदि आप एक गलत संबंध में हैं, तो कई जगहें हैं जो मदद कर सकती हैं। टुडे सेंटर सभी लिंगों के बालिगो के लिए जो पारिवारिक हिंसा से पीड़ित हैं उन को मुफ्त, गोपनीय, भावनात्मक सहयोग प्राप्त करने के लिए एक सुरक्षित, समावेशी स्थान प्रदान करता है। टुडे सेंटर की टीम में उच्च प्रशिक्षित पारिवारिक हिंसा विशेषज्ञ शामिल हैं जो आपको और आप के परिवार को सुरक्षित रहने के लिए सहयोग दे सकते हैं।

अगर आपने अपने संबंध में यौन हिंसा का अनुभव किया हैं, तो सेक्सुअल एसाल्ट सेंटर ऑफ एडमॉन्टन (एसएसीई) 780-423-4102 पर ,निशुल्क सेवाएं प्रदान करता है। 310-1818 पर पारिवारिक हिंसा सूचना लाइन भी 24 घंटे प्रति दिन उपलब्ध है और 170 से अधिक भाषाओं में तत्काल उपलब्ध है।

चाहे आप संबंध में रहने या छोड़ने का निर्णय लेते हैं, टुडे सेंटर के पारिवारिक हिंसा विशेषज्ञ आपकी, आपके बच्चों और आपके पालतू जानवरों की कई तरह से मदद करने के लिए मौजूद हैं। हमारे पारिवारिक हिंसा विशेषज्ञ ऐसे निम्नलिखित मदद करते हैं:

- आपके अधिकारों की पहचान करने में आपकी मदद करते हैं;
- अदालती प्रणाली के बारे में जानने में आपकी मदद करते हैं; और
- आपकी जरूरत की सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने में आपकी मदद करते हैं।

क्या इस प्रकार की सेवाएं आपके लिए उपयोगी होंगी या आप और अधिक जानकारी जानना चाहेंगे,कृपया टुडे सेंटर को 780-455-6880 पर फोन करें।

मैं अपने बच्चों, मेरे पालतू जानवरों और खुद को सुरक्षित कैसे रखूं?

एक गलत संबंध को छोड़ना बहुत मुश्किल हो सकता है। चाहे आप संबंध में रहना या छोड़ना चुनते हैं, आपकी सुरक्षा पहले होनी चाहिए। पुलिस और न्यायालय के आदेश कुछ सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम हो सकते हैं, लेकिन इनकी सीमाएं हैं जो वे कर सकते हैं। आपको और आपके प्रियजनों को सुरक्षित रखने में मदद करने के लिए, आपको सुरक्षा योजना की आवश्यकता है।

एक सुरक्षा योजना क्या है?

एक सुरक्षा योजना एक व्यक्तिगत योजना है जो आपको, आपके बच्चों और आपके पालतू जानवरों को सुरक्षित रखने में मदद करेगी। आप एक सुरक्षा योजना का इस्तेमाल कर सकते हैं चाहे आपकी संबंध में रहने की योजना है, छोड़ने की सोच रहे हैं, या संबंध छोड़ चुके हैं। एक सुरक्षा योजना में शामिल हो सकते हैं:

- पड़ोसियों या दोस्तों को पुलिस को फोन करने के लिए कहना यदि वे डरावनी या ज़ोर की आवाज़ सुनते हैं, या वे कुछ भी संदेहजनक चीज देखते हैं।
- एक एजेंसी के फोन नंबर को याद रखना जो मदद कर सकती है।
- यदि आपके बच्चे हैं, तो उन्हें बताएं कि पुलिस को कैसे फोन करना है।
- स्पीड डायल पर 911 डालना और यह सुनिश्चित करना कि आपका सेलफोन हमेशा चार्ज रहता है।
- यदि आप छोड़ने का फैसला करते हैं तो योजना बनाना कि आप कहाँ जा सकते हैं (एक सुरक्षित जगह, जैसे कि आपातकालीन आश्रय, यानि इमरजेंसी शेल्टर)।
- एक सुरक्षित जगह पर पैसा रखना, और एक बार आपके छोड़ने के बाद संयुक्त (ज्वाइंट) क्रेडिट कार्ड को कैंसिल करना।
- आपके लिए (औरआपके बच्चे, यदि कोई हों) एक सूट केस पैक करना और इसे किसी विश्वसनीय दोस्त के पास छोड़ना।
- एक सुरक्षित और आसानी से पहुँच वाली जगह पर कार और घर की चाबियों का एक अतिरिक्त सेट रखना।
- आपकी स्थिति के बारे में कानूनी सलाह लेना।
- आपके और आपके बच्चों की आईडी, पासपोर्ट और अन्य महत्वपूर्ण कागजात एक सुरक्षित जगह पर रखना (यदि मूलदस्तावेज़ रखने में कोई समस्या है, तो प्रमाणित फोटो कॉपियां प्राप्त करने के लिए अलबर्टा लॉ लाइन 780-644-7777 या शुकल रहित नबर 1-866-845-3425 पर फोन करे
- अपनी खुद की (और अपने बच्चों की, यदि कोई हो) सुरक्षा योजना का अभ्यास करना और उसकी समीक्षा करना।

कृपया याद रखें: आपको अपनी सुरक्षा योजना की दोबारा जांच करने की जरूरत होगी क्योंकि आपके जीवन में बदलाव होते रहते हैं। यदि आप आगे बढ़ते हैं, बच्चे हैं (या अधिक बच्चे हैं), बीमार हो जाते हैं या यदि संबंध ज़्यादा बुरे हो जाते हें, तो आपकी योजना को उसी के अनुसार बदलनी चाहिए।

यदि मेरे पास पालतू जानवर है तो मुझे एक सुरक्षा योजना में क्या-क्या शामिल करना चाहिए?

एक सुरक्षा योजना में पालतू जानवरों को शामिल करना यह सुनिश्चित करेगा कि परिवार के सभी सदस्य / हिंसक स्थिति से बच जाएंगे।

- अपने पालतू जानवरों के छुपने की जगह पता करें जिससे कि आपको आपातकाल के दौरान उसको ढूंढने के लिए समय खर्च करने की ज़रूरत न पड़े।
- यदि आपके पास अपने बचाव की पूर्व-योजना बनाने का कोई मौका है तो इन पालतू जानवरों के सामान को एक सुरक्षित जगह पर रखें:
  - टीकाकरण और मेडिकल रिकॉर्ड्स,
  - पालतू लाइसेंस (स्वामित्व साबित करने के लिए),
  - आईडी टैग,
  - पट्टा और कॉलर,
  - कैरियर, और
  - दवा (यदि आवश्यक हो)।
- अपनी सुरक्षा के लिए अपने पालतू जानवरों की जगह को सुरक्षित रखें और बुरा बरताव करने वाले / वाली से गुप्त रखें।
- अपने किसी विश्वसनीय व्यक्ति से आपकी सुरक्षा योजना में मदद करने के लिए कहें।

टुडे सेंटर पर एक पारिवारिक हिंसा विशेषज्ञ भी 780-455-6880 पर आपको आवश्यक जानकारी ढूंढने और एक योजना में साथ में काम करने में आपकी मदद कर सकता है।

मैं कहाँ जाऊं?

यदि आपको और आपके बच्चों को एक सुरक्षित स्थान पर जाने की आवश्यकता है, तो 780-479-0058 पर फोन करके निकटतम आश्रय का पता करें। आश्रयमेंआपके (औरआपकेबच्चों, यदिकोईहो) केलिएरहनेकीव्यवस्थाकीजाएगी।

अधिक जानकारी के लिए कृपया इस पुस्तिका में "यदि आप हिंसक संबंध को छोड़ देते हैं" (पृष्ठ 8) और "क्या होगा यदि आप संबंध को खत्म करना चाहते हैं" (पृष्ठ 14) सेक्शंस को पढ़ें।

मेरे पालतू जानवर कहॉ जा सकते हैं?

अलबर्टा एसपीसी एका पालतू जानवरों को सुरक्षित रखने काकार्यक्रम ('पेट सफे कीपिंग प्रोग्राम' 'Pet safe Keeping Program'), उन पालतू जानवरों के लिए अस्थायी देखभाल प्रदान करता है जिनके मालिक हिंसक और गलत स्थितियों में हैं। यदि आप घरेलू हिंसा की स्थिति से भाग रहे हैं और आपके पास पालतू जानवर है:

- पालतू जानवर सुरक्षा कार्यक्रम के रेफरल प्राप्त करने के लिए, टुडेसेंटर में 780-455-6880 पर एक पारिवारिक हिंसा विशेषज्ञ से संपर्क करें या एक स्थानीय महिला आश्रय से संपर्क करें।
- कार्यक्रम के बारे में और जानने के लिए एबी- एस-पी-सी -ए पर 780-447-3600 एक्सटेंसन 3750 पर पालतू जानव रसुरक्षा समन्वयक कोआर्डिनेटर) से संपर्क करें।

पालतू जानवर सुरक्षा कार्यक्रम आपके पालतू जानवरों को सभी आवश्यक चीजें और कोई भी चिकित्सा सहायता जिसकी जरूत हो,प्रदान करेगा जिससे कि आपके पालतू जानवर के सुरक्षा कार्यक्रम में रहने पर आपको किसी भी चीज के बारे में चिंता न करनी पड़े।

इंटरनेट पर खुद को कैसे सुरक्षित रखें

जानकारी खोजने और सहायता प्राप्त करने के लिए इंटरनेट एक अच्छी जगह है, लेकिन यह एक ऐसा तरीका भी है जिससे गलत साथी को आप पर शक्ति मिल सकती है (उदाहरण के लिए, पीछाकरना और उत्पीड़न)। ये इंटर नेट ब्राउज़िंग हिस्ट्रीको हटाने के निर्देश हैं, जो लोगों को सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं।

माइक्रो सॉफ़्ट इंटरनेट एक्सप्लोरर

- टॉप मेन्यू में "टूल्स" पर क्लिक करें।
- "इंटरनेट ऑप्शंस" को चुनें।
- "जनरल" टैब को चुनें।
- मिडिल सेक्शन में, "टेम्प्रेरी इंटरनेट फ़ाइल्स", "डिलीट फाइल्स" पर क्लिक करें।
- नीचे के सेक्शन में, "हिस्ट्री", "डिलीट हिस्ट्री" पर क्लिक करें।

गूगल क्रोम

- क्रोम को खोलें।
- ऊपर दाईं ओर, "मोर" को क्लिक करें।
- हिस्ट्री पर क्लिक करें।
- बाईं ओर, "क्लियर ब्राउज़िंग डेटा" पर क्लिक करें एक बॉक्स दिखाई देगा।
- ड्रॉप-डाउन मेन्यूसे, चुनें कि आप कितनी हिस्ट्री को हटाना चाहते हैं। सब कुछ साफ़ करने के लिए, "दबिगनिंग ऑफ़ टाइम" चुनें।

सफारी

- सफारी को खोलें।
- ऊपर बाएं कोने में बुकमार्क आइकन को चुनें।
- हिस्ट्री मेन्यू पर क्लिक करें।
- क्लीयर को क्लिक करें और चुनें किआप कितनी हिस्ट्री को साफ़ करना चाहते हैं। उदाहरण के लिए: "आल रिकॉर्डेड हिस्ट्री"।

पुलिस से संपर्क करना

यदि आपका साथी या पूर्व-साथी आपको मारता / मारती है, आप का यौन उत्पीड़न करता / करती है , या धमकी दे / रही है, उत्पीड़न / हिसा या पागलों की तरह पीछा कर रहा / रही है, तो आप पुलिस को फोन कर सकते हैं। यदि आप अनिश्चित हैं कि यह आपातकालीन स्थिति है या नहीं, तो आप 911 पर फोन करें। एक गैर-आपात स्थिति के मामले में,आप एडमॉन्टन पुलिस सेवा 780-423-4567 पर या एडमोंटन मे मोबाइल फोन से # 377 दबा कर कॉल कर सकते हैं।

जब पुलिस जवाब देती है,तो अपना नाम और पता बताएं। फोन का जवाब देने वाले व्यक्ति को स्थिति को समझने की जरूरत होती है, इस लि एपूरी जानकारी दें, धीरे-धीरे और स्पष्ट रूप से बोलें, और उनके द्वारा पूछे जाने वाले किसी भी प्रशन का उत्तर दें। पुलिस को बताएं:

- कि आप खतरे में हैं,
- आपका साथी क्या कर रहा है या क्या किया है,
- यदि कोई हथियार है, तो वह क्या है और कहां पर रखा है,
- यदि पहले हिंसा हो चुकी है,
- यदि आपके पास बच्चे हैं,
- यदि आपको या बच्चों को चोट लगी है, और
- यदि आपके पास पहले से ही एक सुरक्षा आदेश है।

क्या होता है जब पुलिस आती है?

जब पुलिस आती है, तो वे आप से यह जानने के लिए बात करेंगे कि क्या हुआ था। यदि आप अपनी सुरक्षा के लिए डरे हुए हैं तो उन्हें बताएं, आपके साथी ने आपको डराने के लिए क्या किया है, और यदि आपने संबंध को छोड़ने की कोशिश की हैं या अपने साथी को बताया है किआप संबंध छोड़ रहे हैं। यदि आपने दवाई ली हैं या आपक नशा(ड्रग्स) दीया गया हैं, गला घोटा गया है या गला दबाया गया है ,तो पुलिस को बताएं। यह जानकारी पुलिस को बताना महत्वपूर्ण है क्योंकि आपके छोड़ने की कोशिश करने के बाद या यह बताने के बाद कि आप संबंध छोड़ना चाहते हैं आपका साथी ज़्यादा हिंसक हो सकता / सकती है।

यदि पुलिस को पता चलता है कि आपके साथी ने आपको धमकी दी है या आप पर हमला किया है, (या भविष्य में आप पर हमला करने की धमकी दे सकता है), तो शायद वे आपके साथी को गिरफ्तार कर लेंगे। बुरे बरताव के पर्याप्त सबूत होने के परिणाम स्वरूप पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर लेगी। पुलिस को गिरफ्तार करने की अनुमति है, भले ही आप उनसे ऐसा नहीं चाहते हैं।

यदि पुलिस के पहुंचने से पहले आपका साथी चला जाता है,तो आपका साथी जब मिल जाता है, तो पुलिस उसे गिरफ्तार कर सकती हैं। यदि आप जानते हैं कि आपका साथी कहॉ है, तो पुलिस को बताएं। आपके द्वारा दी जाने वाली कोई भी जानकारी आपकी सुरक्षा के लिए सहायक होगी।

पुलिस से बात करते समय, पुलिस अधिकारी का नाम, उनका फोन नंबर और उनका बैज नंबर लेना मददगार होता है। पुलिस अधिकारी आपको संपर्क नाम, फोननंबर और आपके पुलिस के सपर्क नंबर वाला कार्ड देगा। वे एक सुरक्षित स्थान ढूंढने में आपकी मदद करने के लिए आपको जानकारी देने के लिए आपके घर परआने के लिए एक विक्टिम सर्विसेज एडवोकेट की व्यवस्था भी कर सकते हैं। यदि आपका / आपकी साथी वापस आता / आती है, तो आप पुलिस सेवा वापस आने के लिए कह सकतेहैं।

मैं एक सुरक्षित जगह कैसे प्राप्त करूं?

यदि आपको रहने के लिए एक सुरक्षित जगह की जरूरत है, तो आप एडमोंटन या आस-पास के इलाकों में एक आश्रय में व्यवस्था करने में मदद करने के लिए पुलिस या विक्टिम सर्विसेज एडवोकेट से कह सकते हैं। आप पुलिस से अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के घर, या एक मोटल में आपके(और आपके बच्चों के,यदि कोई हो) साथ चलने के कह सकते हैं यदि वह आपके रहने के लिए एक बेहतर जगह है। यदि आपके पास पालतू जानवर हैं, तो पालतू पशु सुरक्षित रखने का कार्यक्रम के एक रेफरल प्राप्त करने के लिए 780-455-6880 पर टुडे सेंटर के एक पारिवारिक हिंसा विशेषज्ञ या किसी स्थानीय महिला आश्रय से संपर्क करें।

क्या मुझे चिकित्सा उपचार लेना चाहिए?

यदि आपको शारीरिक रूप से चोट लगी है,गला घोटा गया है या गला दबाया गया है तो पुलिस आपको अस्पताल और / या डॉक्टर से जोड देगी, और वे हमले के मेडिकल सबूत इकट्ठा करेंगे।

गला घोटना तब होता है जब आपकी गर्दन के चारों ओर कोई चीज (जैसे हाथ या कोई अन्य चीज) लपेट दी जाती है और दबाव डाला जाता है। यदि गला घोटे जाने के बाद आपको आवाज में बदलाव, निगलने में दर्द, साँस लेने में कठिनाई, धूमिल नजर (दृष्टि), ध्यान रखने में कठिनाई या सुनने में बदलाव जैसे गड़बड़ लक्षणों का अनुभव होता है, तो इसके लिए चिकित्सा उपचार लेना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। भले ही आपको ऐसे लक्षण अनुभव नहीं होते है फिर भी चिकित्सा उपचार लेना महत्वपूर्ण है।

याद रखें:आपको किसी भी मेडिकल जांच के बारे में सवाल पूछने का,अपने साथ एक मित्र या सहायक कर्मचारी रखने, और उपचार से इंकार करने का अधिकार है।

यदि आपका यौन उत्पीड़न किया गया है और आप 7 दिनों के भीतर अस्पताल में चिकित्सा उपचार लेना चुनते हैं, तो आपकी सहायता के लिए एसएआरटी (STAR) नर्सों (सेक्सुअल असाल्ट रिस्पॉस टीम) को बुलाया जाएगा। चाहे आप चिकित्सा उपचार ले या न लें या पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करें या न करें, यौन उत्पीड़न की रिपोर्ट करने के लिए कोई समय सीमा नहीं है,और आप किसी भी समय मुफ्त विशेषज्ञ सहायता के लिए 780-423-4121 पर एडमोंटन के सेक्सुअल असाल्ट सेंटर से संपर्क कर सकते हैं।

क्या मुझे अपना घर छोड़ना पड़ेगा?

यदि कोई गिरफ्तारी नहीं होती है या आरोप नहीं लगाए जाते हैं, तो शायद पुलिस आपको या आपके साथी को एक समय अवधि (उदाहरण के लिए रात भर) के लिए घर छोड़ने के लिए कहेंगी। यदि आप परिवार के घर में रहते हैं, तो आप भविष्य में हिंसा के मामले में सुरक्षा व्यवस्था करने के लिए ताले बदल सकते हैं।

यदि मेरा साथी गिरफ्तार हो जाता है तो क्या होगा?

यदिपुलिसगिरफ्तारीकरतीहै, तोदोमेंसेएकचीजहोसकतीहै:

- आरोपी को रिहा किया जाएगा, लेकिन पुलिस या अदालतें आदेश देंगी आरोपी को यह बताने कि कुछ ऐसी चीजें हैं जो वे(आरोपी) नहीं कर सकता / सकती हैं (जैसे कि आप से संपर्क करना या आपके घरन जाना),या
- आरोपी को रात भर जेल में रखा जाएगा, और एक न्यायालय में एक जज के सामने जमानत की सुनवाई के लिए पेश किया जायेगा यह देखने के लिए कि क्या उन्हें रिहा किया जाएगा और रिहाई की शर्तें क्या हैं।

यदि चार्जेस लगाये जाते हैं,तो आप (नो-कॉन्टैक्ट) संपर्क ना करने आदेश के अतिरिक्त एक आपातकालीन सुरक्षा आदेश (ईपीओ-EPO) के लिए निवेदन कर सकते हैं। इस की सलाह दी जाती है क्योंकि जितनी जल्दी आरोपी अपने आपराधिक आरोपों को निपटा लेता है उतनी जल्दी नो-कॉन्टैक्टआर्डर (no connection order) भी हटा लिया जाता है। ईपीओ को एक साल तक बढ़ाया जा सकता है, यदि एक न्यायाधीश सोचता है कि यह आवश्यक हैI

यदि मैं आरोप को आगे नहीं बढ़ाना चाहूँ तो क्या होगा?

एक बार जब आरोप लगा दिये जाते हैं,तो पुलिस आपके निवेदन पर आरोप नहीं हटा सकती है। यदि आप आरोपों को छोड़ना चाह रहे हैं, तो आप को 780-422-1111 पर क्राउन अभियोजक से संपर्क करना चाहिए। आरोपों को छोड़ने का निर्णय आपका नहीं है: क्राउन अभियोजक आरोपों के साथ आगे बढ़ने का फैसला कर सकता है। चाहे आप जांच को आगे बढ़ाना चाहते हैं या नहीं।

यदि मेरा साथी गिरफ्तार नहीं होता है,क्या फिर भी आरोप (चार्ज) लगाया जा सकता है?

यदि पुलिस आपके साथी को गिरफ्तार नहीं करती है, तो उन्हें आपके मामले की जांच करने और रिपोर्ट तैयार करने की नियमित आवश्यकता होती है। ऐसा तब हो सकता है यदि आपको चोट नही पहुँचाई गयी है या आप निर्णय लेते हैं कि आप एक गवाह नहीं बनना चाहते हैं। जब पुलिस आप से बुरे बरताव के विवरण के बारे में पूछती है, तो उन सभी जानकारियों को साझा करना महत्वपूर्ण है जो आपको याद है। यह आपकेमामलेकीमददकरेगीऔरआपकोसुरक्षामिलेगी।

यदि पुलिस यह मानती है कि आपके साथी ने आपराधिक काम किया है, तो वह आपराधिक आरोप लगा सकते हैं। क्राउन अभियोजक तय करेगा कि क्या यह उचित मौका है कि आपके साथी को दोषी ठहराया जाएगा, और चाहे अभियोजन पक्ष आगे बढ़ेगा या नहीं। पुलिस और क्राउन अभियोजक को ऐसा करने के लिए आपकी सहमति की जरूरत नहीं होती है।

आपके पास पुलिस जांच और न्यायालय के मामले (जिसमें आपका साथी शामिल है) की स्थिति जानने का अधिकार है। आपको यह भी जानने का अधिकार है कि क्या क्राउन अभियोजक कानूनी कार्यवाही को आगे नहीं बढ़ा रहा है। यदि आरोप आगे नहीं बढ़ रहे हैं,तो आप क्राउन अभियोजक से एक स्पष्टीकरण मांग सकते हैं।

आरोप कब नहीं लगाये जाते हैं?

एक व्यक्ति पर हमला करने का आरोप लगाने के लिए, पुलिस के पास उचित और संभावित आधार होना चाहिए। इस में चोट, खरोंच, या त्वचा पर लालिमा जैसे प्रमाण शामिल हो सकते हैं। उन मामलों में जहां कोई गवाह या भौतिक प्रमाण नहीं है, बुरे बरताव को साबित करना बेहद मुश्किल हो सकता है। यदि आपके साथ ऐसा हो रहा है,तो कृपया एक वकील से सलाह लें।

क्या होगा यदि मैं पुलिस को तुरंत नहीं बुलाऊँ?

यदि आप तुरंत पुलिस को नहीं बुलाते हैं, फिर भी जो भी हुआ है, आप उसे लिख सकते हैं और जितनी जल्दी हो सके हमले या उत्पीड़न के विवरण की रिपोर्ट कर सकते हैं। इसमें समय,तारीखें, स्थानों और कई विशिष्ट विवरण शामिल करें। इस से पुलिस आपके मामले को बनाने की जरूरत के सबूत इकट्ठा करने में मदद मिलेगी। आप सहायता प्राप्त करने के हकदार हैं। हमला या उत्पीड़न की रिपोर्ट करने के लिए पुलिस को।

फोन करें या पुलिस स्टेशन पर जाएं। यदि आप चाहें तो एडमॉन्टन पुलिस सर्विस के पीड़ित सेवाओं में एक पीड़ित सेवाओं के वकील (विक्टिम सर्विसेज अड्वोकेट) आपके साथ आएंगे।

जमानत की सुनवाई होने पर क्या होगा?

जमानत की सुनवाई पर,न्यायाधीश या न्यायिक अधिकारी आरोपों का निपटारा करते समय निर्णय करेगा कि क्या “आरोपी” (आपका / आपकी साथी) को, जब तक दोश निधारित नही हो जाते, जेल से छोड़ दिया जाना चाहिए। न्यायाधीश कहेंगे कि आपके साथी को रिहा होने के लिए क्या करना है, जिसे “रिहाई की शर्तें” कहा जाता है। इस में ऐसी चीज़ों को शामिल किया जा सकता है जैसे अपने साथी को शराब या नशीली दवाओं का इस्तेमाल करने के लिए मना करना,या बंदूकें या अन्य हथियार रखने के लिए मना करना।

रिहाई की शर्त के रूप में, जज या न्यायिक अधिकारी आपके साथी को आपके घर या आपके कार्यस्थल से दूर रहने का आदेश दे सकता है, और आपसे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संपर्क नहीं कर सकता हैं। इसका मतलब यह है कि आपका साथी आप से किसी भी तरह से संपर्क नहीं कर सकता है,उपहार नहीं भेज सकता है,या किसी ओर से आपको एक संदेश देने के लिए नहीं कह सकता है।

क्या मेरा साथी हमारे बच्चों को देखने में समर्थ होगा?

कुछ मामलों में, न्यायाधीश यह आदेश देगा कि इसमें एक तीसरे पक्ष को शामिल किया जाए ताकि आपका साथी अब भी बच्चों को देख सके। न्यायाधीश मुलाकातो की गिनती और स्थान (कितने बार और कहाँ) निर्धारित करेगा,और यह भी जरूरत हो सकती है कि एक तीसरा पक्ष इन मुलाकातो की निरीक्षण (सुपरविशन) करे।

मैं अपने साथी को रिहाई की शर्तों को कैसे पता करूँ?

आप 780-422-1111 पर क्राउन अभियोजक से पूछ सकते हैं ताकि आप रिहाई की शर्तों को ठीक से समझें। यदि आरोपी को रिहा कर दिया जाता है, तो पुलिस आपसे जल्द से जल्द संपर्क करेगी ताकि आपको रिहाई की शर्तों के बारे में सूचित किया जा सके। इन्हें लिखना और अपने पास हर समय इसकी एक कॉपी रखना महत्वपूर्ण है।

क्या होगा यदि मेरा साथी या मैं रिहाई की शर्तों का पालन नहीं करते हैं?

रिहाई की शर्तों को रखना आपके सर्वोत्तम हित में है। यदि आपका साथी रिहाई या संपर्क ना करने (नॉन-कॉन्टैक्ट) आदेश की शर्तों का पालन नहीं करता है, तो आपके साथी को गिरफ्तार किया जा सकता है और जमानत की शर्तों के “उल्लंघन” का आरोप लगाया जा सकता है। यह आरोप पहले हमले,आपराधिक उत्पीड़न, या अन्य पारिवारिक हिंसा से संबंधित आरोपों में जोड़ दिया जाएगा। यदि आपका / आपकी साथी किसी भी शर्त को तोड़ता / तोड़ती है, आपपुलिसकोफ़ोनकरेंयाआपकेस्थानीयपुलिसस्टेशनमेंघटनाकीरिपोर्टदर्जकरें।

यदि आप एक हिंसक संबंध को छोड़ देते हैं

बच्चों का क्या होगा?

जब आप घर छोड़ते हैं तो अपने बच्चों को सुरक्षित करने के लिए उन्हें अपने साथ ले जाएं। यह कार्यवाही बाद में हिरासत (**अभिरक्षा**; आपके बच्चों की देखभाल करने काअधिकार) निर्धारित कर सकती है।

यदि आपको अपने बच्चों के लिए घर वापस जाना पड़ता है, तो अपनी खुदकी सुरक्षा से अवगत रहें। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप सुरक्षित हैं आप अपने घर में मिलने के लिए पुलिस से संपर्क कर सकते हैं। यदि आपके पास बच्चों के हिरासत का न्यायालय का आदेश नहीं है,तो पुलिस अधिकारी आपके साथी को बच्चों को आपके हिरासत में देने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। इसलिए,यदि आप अपने साथी को छोड़ रहेहैं, हिरासत के लिए आवेदन करने की व्यवस्था करें और इस प्रक्रिया मे आपकी सहायता करने के लिए कानूनी सलाह लें।

यदि आपका साथी आपको बच्चों को ले जाने से मना करता है या एक न्यायालय आपके साथी को हिरासत देने का आदेश दे रही है, तो तुरंत कानूनी सलाह लीजिए। यदि आपको लगता है कि आपके बच्चे तत्काल खतरे में हैं, तो 911 पर कॉल करें। जब बच्चे आपके साथी के साथ हैं, और आप उनकी सुरक्षा के बारे में चिंतित हैं, तो आप अपने स्थानीय चाइल्ड एंड फॅमिली सर्विसेज़ (बाल और परिवार सेवाएं) पर कॉल कर सकते हैं और एक सामाजिक कार्यकर्ता के साथ अपनी चिंताओं पर चर्चा कर सकते हैं (चाइल्ड एंड फॅमिली सर्विसेज़ इस पुस्तिका के पीछे संसाधनों में एक हैं)। यदि तत्काल मदद या सलाह की आवश्यकता है, तो आप 780-422-2001 पर चाइल्ड एंड फॅमिली सर्विसेज़ 24 ऑवर क्राइसिस यूनिट (बाल और परिवार सेवा 24 घंटे संकट यूनिट) को कॉल कर सकते हैं या उसी यूनिट को टोल फ्री नंबर 1-800-638-0715 पर कॉल कर सकते हैं। अधिक संपर्क जानकारी के लिए, कृपया इस पुस्तिका के पीछे संसाधनों को देखें।

मेरे पालतू जानवरों का क्या होगा?

यदि आपके पालतू जानवरों को नुकसान पहुँचाये जाने या मारे जाने का खतरा है, तो जब आप घर छोड़ते हैं तो अपने पालतू जानवरों को सुरक्षित करने के लिए उन्हें अपने साथ ले जाएं। एडमोंटन क्षेत्र में आश्रय में पालतू जानवरों को रखने की अनुमति नहीं है लेकिन कई चीजें हैं जो आप कर सकते हैं:

- यदि आप खुद एक आश्रय में शरण लेने जा रहे हैं और आपके पालतू जानवरों को नुकसान पहुँचाये जाने या मारे जाने का खतरा है, तो पालतू जानवरों को अपने साथ ले जायें। पालतू जानवर गाड़ी में रह सकते हैं जब आश्रय के कर्मचारी आपको पालतू जानवरों को सुरक्षित रखने के कार्यक्रम के बारे में बताते हैं।
- यदि आपको कोई आश्रय तक छोड रहा है और आप अपने साथ पालतू जानवरों को किसी सुरक्षित स्थान जैसे आश्रय पर नहीं ले जा सकते हैं, तो आपको पालतू जानवरों को सुरक्षित रखने के कार्यक्रम का रेफरल मिलने तक अपने किसी पड़ोसी, मित्र, पशु चिकित्सक या एक स्थानीय बोर्डिंग केनेल से अपने पालतू जानवरों को रखने के लिए कहें।

यदि आपको अपने पालतू जानवरों को पीछे छोड़ना पड़ता है और उन्हें वापस लेने के लिए घर लौटना पड़ता है, तो अपनी खुदकी सुरक्षा के बारे में अवगत रहें। आप अपने घर में मिलने के लिए पुलिस से संपर्क कर सकते हैं यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप सुरक्षित हैं। यदि आपके पालतू जानवर आप के ईपीओ (EPO) में शामिल नहीं हैं तो पुलिस आपके साथी को पालतू जानवरों को देने के लिए मजबूर नहीं कर सकती है। आप एक ईपीओ के लिए आवेदन कर सकते हैं जिसमें आपके पालतू जानवर शामिल हों।

आपके वकील के लिए:

- प्रोटेक्शन अगेंस्ट फॅमिली वायलेंस एक्ट (पारिवारिक हिंसा के खिलाफ संरक्षण अधिनियम) जानवरों की सुरक्षा के आदेश शामिल नहीं करता है। बल्कि, सवाल यह है कि घरेलू हिंसा के शिकार लोगों के लिए सुरक्षा आदेशों की शर्तों में पशुओं को कैसे शामिल किया जा सकता है।
- घरेलू हिंसा में पशुओं के लिए प्रत्यक्ष सुरक्षा को अल्बर्टा एनिमल प्रोटेक्शन एक्ट (अल्बर्टा के पशु संरक्षण अधिनियम) और कैनेडा की क्रिमिनल कोड (आपराधिक संहिता) के निम्नलिखित अनुभागों के रूप में भी संबोधित किया जा सकता है: 444 और 445 (घायल करना या हानि पहुँचाना), 445.1 (अनावश्यक पीड़ाएं पैदा करना), 446 (उपेक्षा और परित्याग) और 264.1 (1) (सी) (धमकी देना)।

आपके लिए:

- सुरक्षात्मक आदेश में आपके पालतू जानवरों या पशुओं की सुरक्षा के लिए प्रावधानों को शामिल करने का निवेदन करने के लिए अपने वकील को धमकी के बारे में बताएं और उनको सबूत दिखाएं:
  - धमकियों की तारीखों और सीमाओं को नोट करें।
  - यदि धमकी का सबूत (पत्र, ईमेल, टेक्स्ट, रिकॉर्डिंग) है, तो उस सबूत को रखें।
  - किसी भी चोट की तस्वीरें लें।
  - पशु चिकित्सा बिलों का सबूत रखें जो पालतू जानवरों को दी गयी हैं जिसके लिए आपने भुगतान किया है।
  - यदि आपके नाम पर कोई स्वामित्व (मालिकी) पत्र हैं, तो उनकी एक कॉपी रखें और इसे अपनी सुरक्षा योजना में शामिल करें।
  - यदि आपके पास पालतू सुरक्षितता कार्यक्रम के बारे में कोई सवाल है, तो आप aasap@albertaspca.org पर ई-मेल कर सकते हैं या 780-447-3600 ext 3750 पर फोन कर सकते हैं।

क्या मेरा साथी स्कूल जा सकता / सकती है और बच्चों को ले सकता / सकती है?

जो हो रहा है, उसे स्कूल को बताएं और उन्हें न्यायालय के आदेश की एक कॉपी और अपने साथी की एक तस्वीर दें। यदि आपके पास एक मात्र संरक्षण आदेश है (सोल कस्टडी आर्डर), तो स्कूल आपके साथी को बच्चों को नहीं ले जाने देगा। यदि कोई संरक्षण आदेश नहीं है, स्कूल के पास बच्चों को ले जाने की व्यवस्था निर्धारित करने की शमता नहीं है, और आपके साथी के पास भी बच्चों को लेने का आपके समान अधिकार है। उसी तरह से, यदि आपके साथी के पास भी एक मात्र संरक्षण आदेश है, तो आप स्कूल से बच्चों को नहीं ले सकते हैं।

अगर मैं घर छोड़ दूँ, क्या मेरा साथी को घर रखने का हक़ होगा?

यदि आप घर छोड़ देते हैं, तो आप बाद में एक जज से एक अस्थायी आदेश प्राप्त कर सकते हैं जो आपको घर में रहने का कानूनी अधिकार देगा। इसे "एक्सक्लूसिव पोस्सेशन आर्डर" कहा जाता है। आपको इस आदेश के लिए समाधान सेवाओं (1-855-738-4747) पर जाकर और उपयुक्त फार्म के लिए आवेदन करने की ज़रुरत है।

यदि मैं छोड़ दूँ, तो क्या पुलिस मुझे मेरी चीजों को प्राप्त करने में मदद करेगी?

शांति बनाए रखने के लिए पुलिस स्थान पर रहेगी, लेकिन संपत्ति के फैसले पर उनके पास कोई अधिकार नहीं है। हिंसक संबंधों में आपकी सुरक्षा के लिए,यह दृढ़ता से सुझाव दिया जाता है कि आपके वलतत्काल जरूरतों जैसे कि कपड़े, टॉयलेटरीज़ या बच्चों के सामान ले। इसके अलावा,कानून का कहना है कि सम्पत्ति जिसे "संयुक्त संपत्ति" माना जाता है, उसे किसी भी पक्ष के द्वारा या किसी अन्यपक्ष के द्वारा तब तक नहीं हटाया या बेचा जाना चाहिए जब तक मध्यस्थया न्यायालय, (मध्यस्थया अदालतों के माध्यम से) स्वामित्व पर सहमत नहीं हो जात।

मैं पैसे के लिए क्या करूँ?

यदि आपके पास अभी रहने का स्थान है, लेकिन आपके पास पर्याप्त धन नहीं है, तो "फ्लीइंगएब्यूजफंड" (हिंसा से दूर जाने की पूंजी सहायता) के आवेदन करने के लिए 24 ऑवर इमरजेंसी इनकम सपोर्ट कांटेक्ट सेंटर (24 घंटे के आपातकालीन आय सहायता संपर्क केंद्र) से 780-644-5135 पर संपर्क करें। यह आपातकालीन धन है जो आपको गलत संबंधको छोड़ने में मदद करेगा। यदि आपको इस धन के लिए आवेदन करने में सहायता की आवश्यकता है, तो आज केंद्र में एक पारिवारिक हिंसा विशेषज्ञ को आपकी मदद करने में खुशी होगी। यदि आप अपने साथी से अलग रहना चुनते हैं और आपके पास पर्याप्त पैसा नहीं है, तो आप नियमित सहायता के लिए इमरजेंसी इनकम सपोर्ट कांटेक्ट सेंटर (आपात कालीन आय सहायता संपर्क केंद्र) 780-644-5135 के माध्यम से नियमित सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। सहायता के लिए वकील से संपर्क करके आप अपने साथी से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए न्यायालय में भी आवेदन कर सकते हैं।

यदि आप पहले ही पैसे प्राप्त करते हैं, जैसे कि एक पेंशन या विकलांगता चेक, तो आप उस कार्यालय से जो आपको ये चेक भेजता है यह बताने के लिए संपर्क करना सुनिश्चित करें कि आप अपने साथी से अलग हो गये हैं। उन्हें अपना नया पता दें और उन्हें यह बताना सुनिश्चित करें कि आप हिंसक संबंध छोड़ चूके हैं ताकि वे आपकी जानकारी को सुरक्षित कर सकें। यदि आपकी पेंशन या विकलांगता चेक स्वय ही आपके संयुक्त बैंक खाते (जॉइंट अकाउंट) में जमाकी जाती है, तो जमा के लिए अन्य व्यवस्था करें।

यदि आपके पास एक संयुक्त बैंक खाते(जॉइंटअकाउंट) में पैसा है, तो अपना पैसा तुरंत निकाल लें। यदि आपके पास दोनों नामों (आपकाऔरआपकेसाथी का) में क्रेडिट कार्ड हैं, तो क्रेडिट कार्ड कैंसिल करवाने या खाते से अपना नाम हटाने के लिए क्रेडिट कार्ड कंपनी से संपर्क करें। यदि आपके पास एक घर, कार या अन्य संपत्ति एक साथ है, तो जितनी जल्दी हो सके कानूनी सलाह लें।

मुझे कानूनी सहायता कहां से मिलेगी?

आपको अपने साथी के साथ साझा किए जाने वाले बच्चों, पैसे या घर के बारे में तुरंत एक वकील से बात करने की जरूरत पड़ सकती है। यदि आप कोई वकील करने मे समर्थ नहीं हैं, तो 780-427-7575 या www.legalaid.ab.ca पर कानूनी सहायता अल्बर्टा (लीगल ऐड अल्बर्टा) से संपर्क करें। ऐसी कई अन्य एजेंसियां भी हैं जो इस पुस्तिका के पीछे संसाधनों में सूचीबद्ध हैं जो कानूनी सहायता प्रदान करती हैं। कृपया ध्यान दें कि कानूनी सहायता अल्बर्टटा कम खर्च वाली कानूनी सहायता प्रदान करते हैं लेकिन यह मुफत नहीं है और उसके पुनर्भुगतान की आवश्यकता है। अधिक जानकारी के लिए ऊपर सूचीबद्ध फोन नंबर 780-427-7575 पर कॉल करें।

*__कृपया ध्यान दें:__ यदि आप इनमें से किसी भी संस्था के बारे में रिसर्च करने के लिए अपने घर के कंप्यूटर का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो अपनी रिसर्च हिस्ट्री को मिटाकरअपने आपको सुरक्षित रखें ताकि कोई भी आपकी साइट पर जा कर न देख सके। ऐसा करने के निर्देशों के लिए कृपया "इंटरनेट पर खुद को कैसे सुरक्षित रखें" (पृष्ठ 6) देखें।

न्यायालय की प्रक्रिया

परिचय

प्रांतीय कोर्ट पारिवारिक हिंसा से संबंधित अपराधों को संभालता है। यह मामला न्याय व्यवस्था के माध्यम से धीरे धीरे आगे बढ़ सकता है।

एक व्यक्ति के लिए इस प्रक्रिया के माध्यम से गुज़रना मुश्किल हो सकता है, लेकिन यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि बहुत से लोग जो इस प्रक्रिया के माध्यम से गुज़रे हैं, उनके लिए अंत में यह उपयोगी साबित हुई है। ऐसे लोग हैं जो आपकी सहायता करना चाहते हैं, और सामुदायिक एजेंसियों के कर्मचारी अदालती प्रक्रिया के दौरान आपके साथ जा सकते हैं। संपर्क जानकारी के लिए, कृपया इस पुस्तिका के पीछे संसाधनों को देखें।

क्राउन प्रोसिक्यूटर (सरकारी अभियोजक) कौन है?

क्राउन प्रोसिक्यूटर (सरकारी अभियोजक) सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाला वकील होता है। यदि पुलिस के पास पारिवारिक / संबंध हिंसा अपराध के लिए उचित और संभावित आधार हैं, तो आरोपी पर आरोप लगाया जाएगा। सरकारी अभियोजक की भूमिका पुलिस की रिपोर्ट की समीक्षा करना है और निर्णय लेना है कि क्या दोषी ठहराए जाने का उचित मौका है, और यदि यह मामले में आगे बढ़ना सार्वजनिक हित में है।

याद रखें कि सरकारी अभियोजक इस निर्णय को करता है और ऐसा करने के लिए आपकी सहमति की आवश्यकता नहीं होती है। सरकारी अभियोजक आपके वकील के रूप में कार्य नहीं करता है: वे सरकार का प्रतिनिधित्व करते हैं और जनता के हित में कार्य करते हैं।

क्या मुझे एक गवाह के रूप में न्यायालय में जाना होगा?

यदि सरकारी अभियोजक मामले के साथ आगे बढ़ने का निर्णय करता है, तो आपको संबंध में बुरे बरताव के लिए एक महत्वपूर्ण गवाह के रूप में देखा जा सकता है। सुनवाई के दौरान अगर आपका साथी गुनाह क़ुबूलन हीं करता है, तो जांच में आपको आपके साथ हुऐ बुरे बरताव की "गवाही" देने के लिए कहा जा सकता है। सरकारी अभियोजक जांच से पहले आप का इंटरव्यू ले सकता है और समझा सकता है कि न्यायालय में क्या होगा। एक कर्मचारी भी यह प्रक्रिया आपको समझा सकता है, जिसे "अदालती तैयारी" (court preparation) कहा जाता है। लोगों के लिए न्यायालय की तैयारी जो कि गवाह के रूप में पेश होते है, डोमेस्टिक वायलेंस कम्प्लेनेंट असिस्टेंस प्रोग्राम (घरेलू हिंसाशि कायत कर्ता सहायता कार्यक्रम; डीवीसीएपी) द्वारा 780-422-0721 पर प्रदान की जाती है।

यदि आपको एक दुभाषिये की जरूरत है, तो सरकारी अभियोजक आपके इंटरव्यू और न्यायालय में आपकी पेशी के लिए एक दुभाषिये की व्यवस्था करेगा।

क्या होगा यदि मैं गवाह नहीं बनना चाहूँ या न्यायालय में पेश नहीं होना चाहूँ?

यदि आपको एक सम्मन (सपीना) (एकन्यायालयकाआदेश) मिलता है, तो आपको न्यायालय में पेश होना चाहिए। यदि आपको गवाही देने के लिए बुलाया जाताहै , तो आपको गवाही भी देनी चाहिए, और आपको ईमानदार होना चाहिए और क्या हुआ, इसके बारे में सच्चाई बता देनी चाहिए। यदि आप निर्णय करते हैं किआप गवाह नहीं बनना चाहते हैं, तो सरकारी अभियोजक को जितनी जल्दी हो सके बताएं।

मुझे कैसे पता चलेगा कि मुझे न्यायालय में कब पेश होना है?

आपको एक "सम्मन"(सपीना) नामक एक पेपर दिया जाएगा, जो आपको बताता है कि आपको न्यायालय में पेश होना होगा और मुकदमा (ट्रायल) कब किया जाएगा। सम्मन आपको,एक पुलिस अधिकारी या न्यायिक अधिकारी के द्वारा व्यक्तिगत तौर पर दिया जाएगा।

एक विक्टिम इम्पैक्ट स्टेटमेंट ("पीड़ित व्यक्ति प्रभाव" बयान) क्या होता है?

एक एडमॉन्टन पुलिस सेवा की पीड़ित सेवाओं के वकील (विक्टिम सर्विसेज एडवोकेट) या एक पुलिस अधिकारी पूछेगा कि क्या आप एक"एकविक्टिम इम्पैक्ट स्टेटमेंट ("पीड़ित व्यक्ति पे प्रभाव" बयान) भरना चाहते हैं, जिसमें आप यह बता सकते हैं कि इस बुरे बरताव का आप पर और आपके बच्चों पर क्या असर हुआ है। यह बयान पीड़ित द्वारा भरा जाता है और पीड़ित सेवा समन्वयक (Victim Services Coordinator) को वापस किया जाता है, जो यह सुनिश्चित करेगा कि यह न्यायालय में दायर किया गया है। निर्णय लेते समय न्यायाधीश इस बयान पर विचार करता है कि दोषी पाए जाने पर आपके साथी को क्या सजा मिलेगी। एक पीड़ित को प्रभावित करने वाले बयान को पूरा करने में सहायता के लिए, आप 780-422-0721 पर घरेलू हिंसा शिकायत कर्ता सहायता कार्यक्रम (Domestic Violence Complainant Assistance Program) (डीवीसीएपी) से संपर्क कर सकते हैं।

क्या मुझे न्यायालय की हर तारीख पर न्यायालय में पेश होना होगा?

नहीं। सरकारी अभियोजक आपको बताएगा कि अगर आपको पेश होना है। आपको न्यायालय की पहली तारीख में पेश होने की भी जरूरत नहीं है, लेकिन यदि आप चुनते हैं तो आप पेश हो सकते हैं।

पहली पेशी पर क्या होता है?

आपके साथी, "आरोपी",को न्यायाधीश के सामने पेश होने का आदेश दिया जाएगा। इस पहली पेशी में, आपके साथी से पूछा जाएगा कि क्या वे एक वकील की तलाश करने का इरादा रखते हैं और चाहे वे दोषी हों या दोषी नहों। यदि आपके साथी के पास कोई वकील नहीं है, तो न्यायालय की एक नई तारीख तय की जाएगी।

यदि आपका साथी दोष क़ुबूल करता है, तो मुकदमा नहीं चलाया जायेगा और न्यायालय सजा सुनाने के लिए एक तारीख तय करेगी।

यदि आपका साथी दोष क़ुबूल नहीं करता है, तो बाद की तारीख पर एक मुकदमा चलाया जायेगा।

यदि आपके साथी को पहली पेशी तक जेल में ("रिमांडपर") रखा जाता है, तो न्यायाधीश मुकदमा शुरू होने तक उन्हें जमानत पर रिहा कर सकता है। ऐसी शर्तें हो सकती हैं जिनका आपके साथी को रिहा होने पर पालन करना होगा, जैसे किआप से संपर्क न करें, परिवार के घर से दूर रहें,या बंदूकें या अन्य हथियार न रखें। यदि आपका साथी रिहाई की शर्तों या अन्य किन्हींआदेशों का पालन नहीं करता है, तो आपको अपने स्थानीय पुलिस थाने से संपर्क करना चाहिए और उनको यह बताना चाहिए।

मुकदमा

अपने साथी के मुकदमे से पहले, आप कुछ अन्य मुकदमों को देखने के लिए न्यायालय में जाना चाह सकते हैं ताकि आप इस प्रक्रिया से अवगत रहें। निम्नलिखित एजेंसियां आपको न्यायालय के लिए तैयार करने में सहायता कर सकती हैं और न्यायालय में आपके साथ रह सकती हैं: एडमॉन्टन जॉन हॉवर्ड सोसाइटी का पारिवारिक हिंसा निवारण केंद्र, एडमॉन्टन पुलिस सेवा की पीड़ित सेवाओं, एलिज़ाबेथ फ्राई सोसाइटी, और रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आर सी एम पी)। सरकारी अभियोजक यह दर्शाने के लिए कि पारिवारिक / संबंध हिंसा हुई है के सबूत पेश करेंगे, और आपको एक महत्वपूर्ण गवाह के तौर पर बुलाया जा सकता है। अन्य गवाह जैसे पड़ोसियों, पुलिस, दोस्तों या आपके डॉक्टर से भी उस मामले में संपर्क किया जा सकता है जो मुकदमे मे सहयोग दे सके की हिंसा हुईहै।

क्या मेरे बच्चों को गवाहों के रूप में बुलाया जाएगा?
सामान्य रूप से नहीं। आपके बच्चों को गवाही देने की जरूरत नहीं होगी, जब तक कि यह बिल्कुल ज़रूरी न हो।

बचाव पक्ष का वकील क्या करता है?
आपके साथी का बचाव करने वाले वकील के लिए भी वही प्रक्रिया है जो सरकारी अभियोजक (क्राउन प्रोसिक्यूटर) के लिए है। बचाव पक्ष का वकील आरोपी की ओर की कहानी पेश करेगा और आप सहित सरकारी गवाहों से सवाल करेंगे। अक्सर, आरोपी को गवाह के तौर पर बुलाया जाएगा। चूंकि बचाव पक्ष के वकील का काम कहानी के हर हिस्से पर सवाल उठाना है, इस लिए सरकारी अभियोजक के मुकाबले बचाव पक्ष के वकील के सवाल आपके लिए अधिक चुनौती पूर्ण हो सकते हैं। यह एक कठिन प्रक्रिया हो सकती है, लेकिन आप कोशिश करें कि बचाव पक्ष के वकील के सवालों से न डरें और आप बस सच्चाई बताएं।

कुछ मामलों में, आरोपी वकील के बिना अपने मामले का बचाव करने का निर्णय ले सकता है। यदि ऐसा होता है, आपको अपने साथी के प्रश्नो का सामना करना पड सकता है जब आप मुक़दमे में अपना बयान देते हैं।

न्यायाधीश क्या करता है?
दोनों पक्षों द्वारा पेश किये गये तथ्यों को सुनने के बाद, न्यायाधीश इस बारे में निर्णय करेगा कि इस मामले में कैसे आगे बढ़ना है।

आरोपी को दोषी क्यों नहीं पाया जा सकता है?
यदि आरोपी को दोषी नहीं पाया जाता है, तो यह ज़रूरी नहीं है कि जज ने आप पर विश्वास नहीं किया था। आपराधिक मुकदमे सबूतों के सख्त नियमों का पालन किया जाता हैं, और कानून बताता है कि आरोपी को "उचित संदेह से परे" दोषी साबित करना होगा। इसलिए, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि यदि आरोपी को दोषी नहीं पाया जाता है, तो यह सबूत की कमी या कानूनकी नजर के कारण हो सकता है, ना कि, क्योंकि न्यायाधीश सोचता है कि आपके साथ बुरा बरताव नहीं हुआ है।

असामान्य मामलों में, न्यायाधीश के निर्णय पर क्राउन बाद में अपील करने का निर्णय करेगा, अपील न्यायालय, मूल मुकदमे में लिये गये सभी लिखित नोटों के आधार पर अपना फैसला करेगा।

यदि मेरा साथी दोषी पाया जाता है तो क्या होगा?
यदि आपका साथी दोषी पाया जाता है, तो न्यायाधीश फैसला करेगा कि सज़ा दे कर क्या होना चाहिए। आपके विक्टिम इम्पैक्ट स्टेटमेंट को ध्यान में रखा जाएगा। (ये वह बयान है जिसमे विवरण है कि पीड़ित व्यक्ति पर हिंसा का प्रभाव क्या रहा है)।

मेरे साथी को किस तरह की सज़ा मिलेगी?
यदि आपका साथी दोषी पाया जाता है, तो इस में निम्नलिखित सज़ाएं शामिल हो सकती हैं:

'कंडीशनल डिस्चार्ज विथ प्रोबेशन' (परिवीक्षा के साथ सशर्त रिहाई)
परिवीक्षा के साथ एक सशर्त रिहाई का मतलब है कि कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं होगा। हालांकि कुछ शर्तों का पालन किया जाना चाहिए, जैसे:
- आपसे (और बच्चों, यदि कोई हो) से दूर रहना;
- परामर्श प्राप्त करना;
- नशीली दवाओं या शराब के दुरुपयोग के लिए एक उपचार कार्यक्रम में भाग लेना; या
- कुछ समय अवधि के लिए पारिवारिक हिंसा परामर्श में भाग लेना।

'प्रोबेशन' के साथ सज़ा का स्थगन
एक स्थगित सज़ा का मतलब है कि आपके साथी को दोषी पाया गया है और उसका आपराधिक रिकॉर्ड होगा। न्यायाधीश ने आपके साथी को (उदाहरण के लिए, जेल में समय) एक सज़ा दी है, लेकिन आपके साथी को एक समय अवधि के लिए उस सज़ा को काटने की आवश्यकता नहीं है। इसके बजाय, न्यायाधीश शर्तें निर्धारित कर रहा है जिनका आपके साथी को एक "प्रोबेशन आर्डर" मे पालन करना चाहिए। यदि आपका साथी प्रोबेशन अवधि के दौरान इन शर्तों को पूरा करता है, तो न्यायाधीश के द्वारा सजा को खारिज किया जा सकता है। इन में से एक शर्त के लिए आपके साथी को प्रोबेशन अधिकारी को नियमित रूप से रिपोर्ट करने की आवश्यकता होती है, जो आपके साथी को बताता है कि प्रोबेशन आदेश में क्या शर्तें हैं। न्यायाधीश एक नशा या शराब के उपचार कार्यक्रम में भागीदारी का आदेश भी दे सकता है। यदि आपका साथी परिवीक्षा आदेश की शर्तों का पालन नहीं करता है, तो उस पर मूल अपराध के साथ दूसरे अपराध का आरोप भी लगाया जा सकता है।

जेल
यदि अपराध गंभीर था या आपके साथी ने पहले अपराध किए हैं, तो जेल की सज़ा हो सकती है। न्यायालय एक अपराध की संभावना पर अपराधी को सप्ताहांत (weekends) पर जेल की सज़ा दे सकती है ताकि अपराधी अपनी नौकरी कर सके।

मुझे कैसे पता चलेगा कि मेरा साथी जेल से कब बाहर आयेगा?
कोरेकशन स्टाफ, प्रोबेशन कर्मचारी, और नैशनल पैरोल बोर्ड (केवल एक संघीय सजा के लिए) को बताना महत्वपूर्ण है यदि आपका पता या फ़ोन नंबर बदलता है। वे आपके साथी की किसी भी रिहाई की सुनवाई और रिहाई की तारीखें के बारे में आपको ताजा (अप-टू-डेट) जानकारी भेज सकते।

यदि मेरा साथी जेल में नहीं डाला जाता है तो मुझे कैसे सुरक्षित किया जा सकता है?
चार प्रकार के सुरक्षा उपकरण हैं जो आपकी सुरक्षा के लिए इस्तेमाल किए जा सकते हैं: आपातकालीन सुरक्षा आदेश, क्वीन्स बैंच प्रोटेक्शन ऑर्डर, पीस बॉन्ड और रेस्ट्रेनिंग ऑर्डर।

इमरजेंसी प्रोटेक्शनआर्डर (आपातकालीन सुरक्षा आदेश; ईपीओ)
एक इमरजेंसी प्रोटेक्शन आर्डर (आपातकालीन सुरक्षा आदेश; ईपीओ) एक निश्चित समय के लिए आरोपी को घर से हटाना संभव बना कर आपके और आपके परिवार के लिए सुरक्षा प्रदान करता है।

ईपीओ प्राप्त करने के दो तरीके हैं:
- आप पुलिस या चिल्ड्रेन्स सर्विसेज (बच्चों की सेवाओं) की मदद से एक ईपीओ को पुरे 24-घंटे 7 दिन (24 / 7, मतलब, किसी भी वक़्त) के आधार पर प्राप्त कर सकते हैं।
- आप 780-422- 9222 पर एडमोंटन प्रोटेक्शन आर्डर प्रोग्राम (एडमॉन्टन संरक्षण आदेश कार्यक्रम) से संपर्क कर सकते हैं।

यदि प्रांतीय कोर्ट के न्यायाधीश या न्याय अधिकारी निर्णय लेता है कि "गंभीरता या तात्कालिकता के कारण" पारिवारिक या संबंध हिंसा के परिणाम स्वरूप तत्काल सुरक्षा क जरुरत है तो यह आदेश दिया जाएगा। एक उच्च न्यायालय, क्वीन्स बैंच कोर्ट, नौ कार्य दिनो के भीतर ईपीओ की समीक्षा करेगा। आदेश देने के बाद, पुलिस आपके साथी को ईपीओ देगी। उस समय, ऑर्डर की शर्तों को लागू किया जा सकता है।

एक ईपीओ का इस्तेमाल निम्नलिखित के लिए किया जा सकता है:

- आरोपी को घर, कार्यस्थल, स्कूल या किसी अन्य जगह से दूर रखता है जहॉ परिवार के सदस्य मौजूद हो सकते हैं।
- आरोपी को परिवार के सदस्यों से संपर्क करने या उन से बात करने का निषेध (मनाही)।
- एक निश्चित अवधि के लिए परिवार के कुछ सदस्यों को घर में रहने के लिए विशेष अधिकार प्रदान करना।
- आरोपी को उनके घर से निकालने और उनके निजी सामान निकालने के लिए पुलिस को उनकी निगरानी करने के लिए निर्देशित करना।
- हथियारों को जब्त करने और संग्रह करने के लिए पुलिस को निर्देशित करना।
- परिवार के सदस्यों की तत्काल सुरक्षा के लिए किसी अन्य प्रावधान का निर्देश देना।

नौ कार्य दिवसों के भीतर निर्धारित की गई समीक्षा में, कोर्ट ऑफ़ क्वीन्स बैंच में यह कार्यवाही हो सकती हैं:

- ईपीओ की पुष्टि करना।
- ईपीओ रिवोक 'या कैंसिल करना (ईपीओ रद्द करना)।
- निर्देश देना कि एक मौखिक सुनवाई की जानी चाहिए।
- एक नया आदेश जारी करना।

यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि झूठे दावे करना गैर कानूनी होता है। जो कोई भी ऐसा करता है उस पर कैनेडा की आपराधिक संहिता के तहत सार्वजनिक शरारत ('पब्लिक मिस्चीफ') के आरोप लगाये जा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, सेण्टर फॉर पब्लिक लीगल एजुकेशन (सीपीएलईए) के वेबसाइट (www.cplea.ca/publications) के संसाधन अनुभाग को देखें।

क्वीन्स बैंच प्रोटेक्शन आर्डर (Queen's Bench Protection Order)

किसी ईपीओ की समीक्षा के परिणाम स्वरूप दिये जाने वाले किसी भी नए आदेश को क्वीन बैंच प्रोटेक्शन ऑर्डर कहा जाता है। आप क्वीन बैंच से सुरक्षा के लिए सीधे आवेदन कर सकते हैं। एक क्वीन बैंच प्रोटेक्शन आर्डर एक वर्ष तक के लिए किया जा सकता है और इसे आगे एक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है।

एक ईपीओ में शर्तों के अलावा, क्वीन बैंच प्रोटेक्शन आर्डर में ये भी शामिल हो सकते हैं कि:

- पारिवारिक हिंसा के परिणाम स्वरूप होने वाले किसी भी वित्तीय नुकसान के लिए आरोपी को भुगतान करने की आवश्यकता है।
- पीड़ित या आरोपी को अस्थायी रूप से निजी संपत्ति का अधिकार रखने की अनुमति दें।
- पीड़ित या आरोपी को संपत्ति का सौदान करने का निर्देश देना, जिस में दोनों का हिस्सा या हित हो सकता है (उदाहरण के लिए, इसे न बेचना या उसे किसी को न देना)।
- आरोपी को आदेश की शर्तों का पालन करने के लिए अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक बांड पोस्ट करने की आवश्यकता है।
- हिंसा में शामिल या प्रभावित परिवार के किसी भी सदस्य को परामर्श प्राप्त करने के लिए आवश्यकता।

रेस्ट्रेनिंग आर्डर (Restraining Order)

एक रेस्ट्रेनिंग आर्डर (निरोधक आदेश) आरोपी को आपके खिलाफ कोई कार्यवाही करने से रोकता है। पुलिस आपके साथी को रेस्ट्रेनिंग आर्डर का उल्लंघन (अंग्रेजी में, 'ब्रीचिंग') करने के लिए गिरफ्तार कर सकती है। आदेश का उल्लंघन एक आपराधिक अपराध नहीं है, लेकिन यह न्यायालय के आदेश की व्यवहार विषयक / सभ्य अवमानना हो सकती है (अंग्रेजी में, 'सिविल कंटेम्प्ट')।

एक निरोधक आदेश के आवेदन के लिए पुलिस को शामिल नहीं किया जाता है और किसी जांच या पुलिस फाइल या न्यायालय फाइलिंग शुल्क की आवश्यकता नहीं होती है। आपको अपनी पूरी आवश्यक कागज़ी कार्रवाई तैयार करनी होगी। रेस्ट्रेनिंग आर्डर के आवेदन प्रक्रिया के शेष भाग में आपकी सहायता करने के लिए वकील की तलाश करना अच्छा विचार हो सकता है। इसमें शामिल है:

- क्वीन की बेंच के न्यायालय के न्यायधीश के समक्ष न्यायालय में आवेदन करना;
- आपके साथी (अंग्रेजी में, 'रेस्पोंडेंट ';यानी 'उत्तरदाता,') को आदेश और घोषणा / शपथ पत्र प्रदान करना। प्रभावी / लागू होने के लिए आदेश प्राप्त होना चाहिए; तथा
- शपथ पत्र को पंजीकृत करना (साबित करना है कि आपके साथी को आदेश प्राप्त हुआ है) और आपके स्थानी या पुलिस स्टेशन पर ऑर्डर करना।

आपातकाली नस्थितियों में, आप एक से दो दिन में एक रेस्ट्रेनिंग आर्डर (निरोधक आदेश) प्राप्त करने में सक्षम हो सकते हैं। एक बार एक आपातकालीन आदेश दे दिया जाता है, तो इसकी दो से तीन हफ़्तों में समीक्षा की जाती है। इस समीक्षा के बाद, लगभग तीन महीने या जब तक न्यायाधीश का आदेश पूरा नहीं हो जाता है तब तक यह प्रभावी रहता है।

अधिक जानकारी के लिए, सेण्टर फॉर पब्लिक लीगल एजुकेशन (सीपीएलईए) के वेबसाइट (www.cplea.ca/publications) के संसाधन अनुभाग को देखें।

यदि आप स्वयं दस्तावेज़ों को सर्व नहीं करना चाहते हैं, तो आप उन्हें सर्व करने के लिए किसी व्यक्ति को किराए पर ले सकते हैं।

पीस बॉन्ड (Peace Bond)

यदि आपके पास विश्वास करने का अच्छा कारण है कि आपका साथी आपको, आपके प्रियजनों को या आपकी संपत्ति को नुकसान पहुंचा सकता है, तो आप एक पीस बॉन्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। एक पीस बॉन्ड के लिए किसी वकील कीआ वश्यकता नहीं होती है; एडमॉन्टन पुलिस सेवा कागजी कार्रवाई पूरी करेगी, और पीस बॉन्ड प्राप्त करने पर कोई वित्तीय खर्चन नही होगा यदि आपका साथी पीस बॉन्ड को तोड़ता है, तो वे अपराधी रूप से जिम्मेदार हैं। पीस बॉन्ड प्राप्त करने की प्रक्रिया इस प्रकार है:

- शुरू करने के लिए,अपने स्थानीय पुलिस थाने मे एक फ़ॉर्म तैयार करने के लिए जाएं। इस फॉर्म में आप बता सकते हैं कि आपके साथी ने आप को या आपके प्रियजनों को किस प्रकार चोट पहुंचाई है।
- फिर पुलिस उसकी जांच करेगी कि जो आपने उन्हें बताया है।
- फिर आपको न्यायालय में जाने की ज़रूरत होगी। वहां आपको जस्टिस ऑफ़ द पीस के सामने शपथ लेनी होगी कि आपका फ़ॉर्म सत्य बताता है। आपको अपने बयान को विस्तार से बताने के लिए कहा जा सकता है।
- पुलिस आपको बताएगी कि आपके साथी की अदालती सुनवाई कब होगी। बाद में फ़िर से आपको न्यायालय में पेश होना पड़ सकता है; पुलिस आपको सूचित करेगी कि यदि यह मामला है।
- यदि एक पीस बॉन्ड बंधन जारी किया जाताहै, तो पुलिस को दिखाने के लिए अपने पास एक कॉपी रखें।
- एक पीस बॉन्ड एक वर्ष के लिए प्रभावी होता है।

आपातकालीन स्थिति में, दो से तीन सप्ताह में पीस बॉन्ड प्राप्त करना संभव होता है।

उपलब्ध वित्तीय लाभ

रेस्टीटूशन (क्षतिपूर्ति)

यदि आपके साथी के कारण आप को वित्तीय नुकसान हुआ है, तो आप "रेस्टीटूशन" (मतलब, क्षतिपूर्ति) प्राप्त कर सकते हैं। क्षति पूर्ति एक अपराधी के द्वारा पीड़ित को हुए नुकसान को चुकाने का एक तरीका है।

ऐसा करने के लिए, आपको क्षति पूर्ति केआवेदन फॉर्म को पूरा करना होगा। आप इस फ़ॉर्म को मामले की जांच कार्यालय से या पीड़ित सेवाओं से प्राप्त कर सकते हैं। फ़ॉर्म भरने के बाद, जितनी जल्दी हो सके, इसे पीड़ित सेवाओं पर वापस करें, और यह क्राउन प्रोसिक्यूटर (सरकारी अभियोजक) को दिया जाएगा। जब आप न्यायालय में जाते हैं, तो आपको अपने दावे का समर्थन करने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज़ों को न्यायालय में लाने की आवश्यकता होगी। आप को क्या लाने की आवश्यकता होगी, इसके बारे में पीड़ित सेवाओं से पूछें।

आपको निम्नलिखित के लिए क्षति पूर्ति दी जा सकती है:

- क्षति, विनाश या संपत्ति का नुकसान;
- शारीरिक क्षति या गंभीर चोट;
- आय या सहायता की हानि;
- अपराधी को घर से बाहर निकलने की लागत; या
- अज्ञात रूप से चोरी की संपत्ति खरीदने से नुकसान।

एक अपराधी के दोषी पाए जाने के बाद, न्यायाधीश अपराधी की सज़ा के दौरान क्षति पूर्ति पर विचार कर सकता है। यदि क्राउन सज़ा के दौरान क्षति पूर्ति के बारे में पूछना नहीं चुनताहै, तो आप न्यायालय से स्वयं ऐसा करने के लिए कह सकते हैं। इस मामले में, वकील से सम्पर्क करना और आदेश को कोर्ट ऑफ़ क्वींस बेंच के फैसले के रूप में लागू करना सबसे अच्छा हो सकता है। यदि क्षति पूर्तिका आदेश दिया जाता है लेकिन भुगतान नहीं किया जाता है, तो आप एक वकील से भी परामर्श करना चाह सकते हैं।

हिंसक अपराधों के शिकार लोगों के लिए वित्तीय लाभ

द विक्टिम्स ऑफ़ क्राइम एक्ट (अपराध के पीड़ित अधिनियम) एक अपराध के दौरान घायल निर्दोष पीड़ितों को एक बार वित्तीय लाभ प्रदान करता है। आप इस लाभ के लिए योग्य हो सकते हैं यदि आपको अल्बर्टा में अपराध के शिकार होने के परिणाम स्वरूप शारीरिक या भावनात्मक चोट लग गयी थी। इस कार्यक्रम में संपत्ति की क्षति या नुकसान को शामिल नहीं किया जाताहै।

जब किसी अपराध के परिणाम स्वरूप मृत्यु हो जाती है, तो मृतक पर आश्रित वित्तीय लाभ के लिए पात्र हो सकते हैं। एक कानूनी अभिभावक नाबालिगों या आश्रित बालिगों की ओर से आवेदन कर सकते हैं। यदि यह निर्धारित किया जाता है कि मृतक व्यक्ति का बरताव चोट में योग दान देता है, तो लाभ की मात्रा कम हो सकती है।

इन वित्तीय लाभों के लिए पात्र होने के लिए:

- अपराध अल्बर्टा में हुआ होना चाहिए;
- अपराध का ब्योरा उचित समय के भीतर पुलिस को दिया जानाचाहिए;
- फाइनेंसियल बेनिफिट्स प्रोग्राम (वित्तीय लाभ कार्यक्रम) ने चोट के एक वर्ष के भीतर एक लिखित आवेदन प्राप्त किया हो; तथा
- आवेदक को मामले और चोट के बारे में जानकारी प्रदान करनी चाहिए, क्योंकि यह आवेदन पर निर्णय लेने के लिए आवश्यक हो सकता है।

आप एडमॉन्टन पुलिस सेवा विक्टिम सर्विसेज सेवाओं से आवश्यक फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। डोमेस्टिक वायलेंस कम्प्लेनेंट असिस्टेंस प्रोग्राम (DVCAP; घरेलू हिंसा शिकायत कर्ता सहायताकार्यक्रम; 780-422-0721) पर फॉर्म भरने में सहायता ले सकते हैं।

गरेलु हिंसा से भागे पीड़ित अल्बेर्तानों के लिए सहायता

एक बुरे बरताव की स्थिति में अल्बर्टान्स, दिन भर हफ्ते में सातो दिन, अल्बर्टा वर्क्स फ्लींग एब्यूज फंड द्वारा सहायता प्राप्त कर सकते हैं। 1-866-644-5135 पर अलबर्टा में कहीं से भी टोल-फ्री फोन करें, यह जानने के लिए कि क्या उपलब्ध है। अल्बर्टा वर्क्स इनकम सपोर्ट (आय सहायता) के माध्यम से वित्तीय सहायता भी उपलब्ध हैं अगर आप कार्यक्रम की पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। वे निम्नलिखित सेवाएं प्रदान करते हैं:

एक सुरक्षित स्थान तक पहुंचना और मदद और सुरक्षा पाना

- आपात कालीन स्थिति में एक सुरक्षित जगह, जैसे कि आश्रय, पर पहुँचने के लिए गाडी का इंतज़ाम।
- होटल या मोटल में आपातकालीन आवास का इंतज़ाम, अगर आश्रयों भरे हुए हैं या उपलब्ध नहीं हैं।
- उन आपात कालीन आवश्यकताओ को हासिल करने के इंतेज़ाम जो आश्रय के द्वारा नहीं प्रदान की जातीहैं , जैसे कि निर्धारित दवाओं (जिन के लिए डॉक्टर का पर्चा ज़रूरी है),पोषण प्रोडक्ट्स,दंत चिकित्सा, दृष्टि सेवाएं और बच्चे की देखभाल (चाइल्ड केयर)।
- अल्बर्टा या कैनेडा के भीतर पुनर्वास लागत को कवर किया जाता है। अगर आपको हिंसा के खतरे से बचने के लिए निवास बदलना पडता है।

एक नए घर का इंतज़ाम करना

- नया घर स्थापित करने में सहायता के लिए $1,000।
- एक निवास सुरक्षित करने का डैमेज डिपॉजिट।
- भोजन, कपड़े, आश्रय और अन्य बुनियादी ज़रूरतों के लिए वित्तीय सहायता।
- आप रोजगार पाने की उम्मीद से मुक्त हैं, इसलिए आप व्यक्तिगत और / या परिवार के मामलों से निपट सकते हैं।
- मान्यता में $50 मासिक लाभ क्योंकि आप काम पर जाने के लिए तैयार नहीं हैं।

एक नयी ज़िन्दगी की शुरुआत करना

- नौकरी खोजने में आपकी सहायता करने के लिए रोजगार और प्रशिक्षण सहायता सेवाएं।
- अन्य माता-पिता से बाल सहायता के लिए निशुल्क सेवा, यदि ऐसा करने से किसी भी परिवार की सुरक्षा खतरे में नहीं पड़ती है।
- नौकरी पाने के बाद, निश्चित राशि की कटौती नहीं की जाती है (विवरण के लिए अल्बर्टा वर्क्स के साथ चेक करें)।
- आपके परिवार छोड़ने के लिए सक्षम होने के बाद लगातार स्वास्थ्य लाभ।
- कम आय वाले परिवारों में बच्चों के लिए स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध हैं।

कया होगा यदि आप संबंध को समाप्त करना चाहते हैं?

चाहे आप शादी शुदा हैं या कॉमन-लॉमे मे रहते हैं (साथ रहतेहैं), यदि आप संबंध को समाप्त करना चाहते हैं तो एक वकील से बात करें। यदि आप एक वकील करने की समर्थ नहीं हैं, तो आप कानूनी सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। एक वकील के साथ निम्नलिखित पर चर्चा करें।

मेंटेनेंस और सपोर्ट (रख रखाव और मदद)

मेंटेनेंस एनफोर्समेंट प्रोग्राम (एमईपी) भुगतान को इकट्ठा करके और सही लोगों को भुगतान प्राप्त करा के बच्चे का सहयोग करने और जीवन साथी पर आदेश को लागू करने के लिए जिम्मेदार है॥ एम ई पी शामिल लोगों के स्वैच्छिक सहयोग पर निर्भर करता है और केवल तब रख रखाव को लागू कर सकता है जब देनदार (आपके साथी), लेनदार (आप), या क्राउन को कार्यक्रम के साथ पंजीकृत किया गया है। आप 780-422-5555 पर एम ई पी से संपर्क कर सकते हैं।

- एम ई पी उन के ग्राहकों (क्लाइंट्स) की निजी जानकारी को गोपनीय रखता है।
- एमईपी सभी रखरखाव आदेशों एकल करने का प्रयास करता है।
- एमईपी बच्चे की स्थिति की समीक्षा करता है जब देनदार अनुरोध करते हैं कि उनके बच्चे न्यायालय आदेश के तहत सहयोग के लिए पात्र नहीं रहे।
- एमईपी14 दिनों के भीतर उनके संग्रह कार्यों को बंद करता है जब देनदार अपने बकाया भुगतान ('अरेअर') का भुगतान और भविष्य के भुगतान के लिए व्यवस्था कर देते हैं। देनदार की अदायगी की विफलता के कारण जारी किए गए वेज सपोर्ट डिडक्शन नोटिस आम तौर पर फाइल बंद नहीं होने तक समाप्त नहीं होंगे।

एमईपी आपके लिए न्यायालय के आदेश नहीं पा सकता है,ना ही एक न्यायालय द्वारा आदेशित सहायता की रकम बदल सकता है, ना किसी भी तरह से अदालती आदेश भिन्न कर सकता है। एमईपी कानूनी सलाह या कानूनी प्रतिनिधित्व प्रदान नहीं करता है। एमईपी चाइल्ड कस्टडी (बच्चों का विरासत), चाइल्ड ऐक्सेस (बच्चों तक पहुंच), या पेरेंटिंग सम य (बच्चों के साथ समय बिताना) मामलों में सवाऐ (सर्विस) नहीं देता है। इस प्रकार की जानकारी के लिए, कृपया इस पुस्तिका के पीछे संसाधनों को देखें।

फॅमिली लॉ एक्ट (पारिवारिक कानून अधिनियम)

पारिवारिक कानून अधिनियम:

- पारिवारिक सदस्यों के अधिकारों और ज़िम्मेदारियों के बारे में परिवार के सदस्यों, वकीलों और न्यायाधीशों को स्पष्ट दिशा निर्देश देता है।
- परिवार कानून को व्यवस्थित करने के लिए प्रोत्साहित करता है और बच्चों के सर्वोत्तम हितों पर ध्यान केंद्रित करता है।
- माता-पिता, संरक्षक और अन्य लोगों की ज़िम्मेदारियों और शक्तियां की रूपरेखा निर्धारित करने के साथ-साथ यह भी बताता कि बच्चों की जिम्मेदारियों, शक्तियों और समय को केसै बाटा जाऐ,जब माता-पिता एक साथ नहीं रहते हैं।
- सहायता के दायरे के बारे में फैसला कैसे करें और न्यायालय में आवेदन कैसे करें जब लोग आपस मे सहमत नहीं होते।

यह निम्नलिखित फॅमिली लॉ एक्ट (पारिवारिक कानूनअधिनियम) के तहत नहीं आते हैं:

- तलाक;
- परिवार की संपत्ति से जुड़े मामलों; न
- बाल संरक्षण मामले।

फॅमिली लॉ एक्ट (पारिवारिक कानूनअधिनियम) को www.qp.alberta.ca पर 'अल्बर्टा क्वींस प्रिंटर' वेबसाइट से देखा और छापा किया जा सकता है। आप फॅमिली लॉ एक्ट यहाँ पढ़ सकते हैं www.qp.alberta.ca/documents/Acts/F04P5.pdf

न्यायालय एक पेरेंटिंग आर्डर (माता पिता के आदेश) बना सकती है जब एक बच्चे के एक से अधिक संरक्षक रहते हैं जो अलग रहते हैं और संरक्षा के अधिकार, ज़िम्मेदारियों और हकों को साझा करने के तरीके से सहमत नहीं हो सकते हैं।

पेरेंटिंग आर्डर बच्चों के हितों पे ध्यान केंद्रित करने के प्रयास से माता-पिता के बीच पेरेंटिंग समय (बच्चों के साथ समय) और माता-पिता की जिम्मेदारियों को आवंटित करते हैं।

कांटेक्ट आर्डर (संपर्क आदेश) में बच्चे और अभिभावकों के अलावा अन्य लोगों के बीच संपर्क शामिल होता है, जैसे दादा दादी और अन्य लोग जो बच्चे के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं। अगर किसी अभिभावक ने किसी को बच्चे के साथ संपर्क से इनकार कर दिया है, तो व्यक्ति में मुलाकात या अन्य संपर्क, जैसे टेलीफ़ोन या ई-मेल के लिए एक आवेदन किया जा सकता है।

कानूनी हक

कस्टोडी (हिरासत,अभिरक्षा) बच्चों की देखभाल करना एक माता पिता का कानूनी अधिकार है। यदि आप एक रिश्ते को छोड़ते हैं, तो अपने बच्चों की हिरासत

(मिलने या देख-रेख) के लिए एक अस्थायी आदेश के लिए पारिवारिक न्यायालय पर आवेदन करें, भले ही बच्चों को अपने साथ नहीं लिया हो। हिरासत के लिए आवेदन करते समय एक वकील से सहायता प्राप्त करें, या ऐसा करने पर 780-427-7575 पर लीगल एड्स अल्बर्टा से जानकारी के लिए संपर्क करें।

एक बच्चे को देश से बाहर ले जाना

तलाक / विभाजन / वियोग या परिवार की हिंसा के किसी भी मामले में बाल सुरक्षा और बाल हिरासत हमेशा महत्वपूर्ण होती है। लेकिन यह एक बहुत ही जटिल समस्या है और विभिन्न कारकों पर निर्भर है। इस स्थिति में एक डर होता है, कि कोई बच्चे को सहमति के बिना देश से बाहर ले जा सकता है।

हालांकि, जो माता / पिता डरता है कि दूसरा माता / पिता अपने बच्चे को बिना किसी सहमति के राज्य या देश से बाहर ले जाएंगे, बच्चों को देश से बाहर यात्रा से रोकने के लिए एक अभिभावक आदेश प्राप्त करने में सक्षम हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए रेसोलुशन सर्विसेज़ (Resolution Services) (समाधान सेवा) 1-855-738-4747 से संपर्क करें।

गार्डियनशिप (संरक्षकता)

संरक्षकता एक माता पिता को उनके बच्चों के बारे में निर्णय लेने का अधिकार देता है (शिक्षा, धार्मिक प्रशिक्षण, आदि)। हिरासत व्यवस्था करते समय इस बारे में अपने वकील से बात करना महत्वपूर्ण है।

ऍक्सेस् (पहुँच)

ऍक्सेस् / पहुँच एक कानूनी शब्द है जिसका मतलब है बच्चों को देखने का हक जब माता या पिता के पास हिरासत (कस्टडी) न हो। आप विशेष एक्सेस का आदेश लेने के लिए न्यायाधीश से पूछ सकते हैं। यह गैर-कस्टडी माता-पिता को केवल बच्चों को देखने की इजाज़त देता है, यदि वे कुछ शर्तों का पालन करते हैं जैसे कि बच्चों से मिलने के 48 घंटे पहले न शराब पियें न किसी नशीले पदार्थ का सेवन करें, बच्चों को प्रांत से बाहर ना लें जाना , या उन्हें केवल विशिष्ट समय पर देखना।

संपत्ति

चाहे आप शादी शुदा हो या साथ जी रहे हों, आप को पारिवारिक संपत्ति जैसे कि कार, घर, फर्निचर और अन्य परिवारों के साथ एक साथ इस्तेमाल किया जाने वाली अन्य चीजों का उचित हिस्सा प्राप्त करने का अधिकार है।

मीडिएशन (मध्यस्थता) क्या है?

मीडिएशन (मध्यस्थता) में, माता-पिता या बच्चों को बडा करने में शामिल अन्य लोग एक प्रशिक्षित मध्यस्थ के साथ काम करते ताकि बच्चों को पालने-बढ़ाने की व्यवस्था पर निर्णय हो सक और माता-पिता के अलग रहने के परिणाम स्वरूप अन्य मुद्दों का समाधान हो सके। मध्यस्थता एक सहकारी प्रक्रिया है, इसलिए पारिवारिक हिंसा का खुलासा करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि हिंसा के माहौल में पूर्व साथियों के बीच शक्ति और नियंत्रण का असंतुलन है। पारिवारिक हिंसा का खुलासा करने से मध्यस्थ को परिवार का मूल्यांकन करने (आकलन और सर्वोत्तम सेवा प्रदान करने की काबिलियत बढ़ सकती है। मध्यस्थता सेवाओं की लागत इस पर निर्भर हो सकती है किआप के पास 18 वर्ष से कम उम्र का बच्चा है, और / या आप और आपके साथी की आय का संयोजन कया है।

यदि आप एक निजी मध्यस्थ (मीडिएटर) किराये पर करना चाहते हैं, तो कृपया www.afms.ca अल्बर्टा फॅमिली मेडिएशन सोसाइटी (परिवार मध्यस्थता सोसाइटी) की वेबसाइट पर जाएं।

कौन मदद कर सकता है?

याद रखें: आप अकेले नहीं हैं #thereishelp (यहा मदद है)

फोननंबर

आपातकालीनलाइनें (Emergency Lines)

एम्बुलेंस, फायर, पुलिस (इमरजेंसी) 911
चाइल्डएंडफॅमिलीसर्विसेजक्राइसिसयूनिट (Child and Family Services Crisis Unit) (24 घंटे) ....780-422-2001 या 1-800-638-0715

पारिवारिकहिंसाकीसूचना (Family Violence Information)

टुडेफैमिलीवायलेंसहेल्पसेंटर (Today Family Violence Help Centre) .... 780-455-6880 ....info@thetodaycentre.ca
फॅमिलीवायलेंसप्रिवेंशनसेंटर (Family Violence Prevention Centre) 780-423-1635
फॅमिलीवायलेंसइन्फोलाइन (Family Violence Info Line; 24घंटे; एरियाकोडकीज़रुरतनहींहै) 310-1818

गैर-आपातकालीनलाइनें (Non-Emergency Lines)

एडमोंटनपुलिससर्विसेज़स्विचबोर्ड 780-423-4567

क्राइसिस (संकट) (Crisis)

24 घंटेडिस्ट्रेस (संकट) लाइन (Distress Line) 780-482-4357
एडमोंटनविमेंसशेल्टर (WIN House) 780-471-6709
असेफप्लेस (स्ट्रैथकोनाकाउंटी) (A Safe Place — Strathcona County) 780-464-7233
किड्सकॉटेजक्राइसिसनर्सरी (Kids Kottage Crisis Nursery; 24 घंटे) 780-944-2888
मेन्टलहेल्थहेल्पलाइन (Mental Health Help Line) 1-877-303-2642
सेक्सुअलअसाल्टसेंटरक्राइसिसहॉटलाइन (यौनउत्पीड़नकेंद्रसंकटहॉटलाइन) (Sexual Assault Centre Crisis Hotline) 780-423-4121
24 ऑवरइमरजेंसीइनकमसपोर्टकांटेक्टसेण्टर (24 घंटेकीआपातकालीनआयसहायतासंपर्ककेंद्र) 780-644-5135
एडिक्शनहेल्पलाइन - एएचएस (24 घंटे) (Addiction Helpline) (नशीलेपदार्थसेवनकरनेवालों औरउनकेपीड़ितपरिवारवालों केलिएमदद 1-866-332-2322
युथएम्पावरमेंटएंडसपोर्टसर्विसेज़ (Youth Empowerment & Support Services) (युवासशक्तिकरणऔरसहायतासेवाएं) 780-468-7070

शार्टटर्मकाउंसलिंगसर्विसेज़ (Short Term Counselling)

सिटीऑफएडमोंटन - इंडिविजुअलएंडफॅमिलीवेल-बीइंग (व्यक्तिगतऔरपरिवारकीभलाई) (City of Edmonton — Indiviual and Family Well-Being) 780-496-4777
YWCA काउंसलिंगसेण्टर (YMCA Counselling Centre) 780-970-6501
सेक्सुअलअसाल्टसेंटरकाउंसलिंग (यौनउत्पीड़नकेंद्रपरामर्श) (Sexual Assault Centre Counselling) 780-423-4102
एबोरिजिनलकंसल्टिंगसर्विसेजऑफ़अल्बर्टा (एबोरिजिनलपरामर्शसेवाएं) (Aboriginal Counselling Services of Alberta) 780-448-0378

कम्युनिटीअर्जेंटसर्विसेज़एंडस्टेबिलाइजेशनटीम (समुदायतत्कालसेवाएंऔरस्थिरीकरणटीम) (Community Urgent Services and Stabilization Team) (Mental Health Crisis Unit) 780-342-7777

कानूनीसेवाएं (Legal Services)

रेसोलुशनसर्विसेज़ (समाधानसेवाएं) (Resolution Services) 1-855-738-4747
इमरजेंसीप्रोटेक्शनआर्डरप्रोग्राम (Emergency Protection Order — EPO) (ईपीओपी) 780-422-9222
एडमोंटनकम्युनिटीलीगलसेण्टर (Edmonton Community Legal Centre — ECLC) (ईसीएलसी) 780-702-1725
लीगलऐडसोसाइटीऑफ़अल्बर्टा (Legal Aid Society of Alberta) (कानूनीसहायतासोसायटीऑफअल्बर्टा) 780-427-7575
अल्बर्टालॉलाइन (Alberta Law Line) 780-644-7777
क्राउनप्रॉसिक्यूटर्सऑफिसक्राउन (Crown Prosecutor's Office, Edmonton) ..780-422-1111

सामुदायिकसेवाएं (Community Services)

पेटसफेकीपिंगप्रोग्राम (Pet Safekeeping Program) .... 780-447-3600 ext 3750 ....aasap@albertaspca.org
दफ़ॅमिलीसेण्टर (The Family Centre) 780-423-2831
कैथोलिकसोशलसर्विसेजइमीग्रेशनएंडसेटलमेंट (Catholic Social Services Immigration & Settlement) 780-424-3545
बेंटएरोट्रेडिशनलहीलिंगसोसाइटी (Bent Arrow Traditional Healing Society) 780-474-2400
प्राइडसेंटरऑफएडमोंटन (Pride Centre of Edmonton) 780-488-3234
एल्डरएब्यूजरिसोर्सएंडसपोर्ट (Elder Abuse Resource & Support) (इएआरएस) 780-477-2929
एडमोंटनमेंसेवाओंकीडायरेक्टरी (Directory of Services in Edmonton).....www.linkyeg.ca

अन्यऑनलाइनसंसाधन (वेबसाइटें):

सेण्टरफॉरपब्लिकलीगलएजुकेशनअलबर्टा (Centre For Public Legal Education Alberta; सीपीएलईए) ....www.cplea.ca/publications
अल्बर्टाजस्टिसएंडसॉलिसिटरजनरल (Alberta Justice and Solicitor General) ....justice.alberta.ca/programs_services
अल्बर्टाक्वींसप्रिंटर (Alberta Queen's Printer-Search for Family Law Act) ....www.qp.alberta.ca
टुडेफैमिलीवायलेंसहेल्पसेंटर (Today Family Violence Help Centre) ....www.todaycentre.ca

हमारे प्रायोजक को उनके उदार वित्तीय सहयोग के लिए धन्यवाद

Funded by the Government of Canada | Financé par le gouvernement du Canada | Canada

इस जानकारी पुस्तिका को अपडेट करने के लिए निम्नलिखित के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया था:

- सिटीऑफ़ एडमोंटन – फॅमिली वायलेंस प्रिवेंशन) (एडमोंटन शहर – परिवार हिंसा रोकथाम)
- सेक्सुअलअसाल्ट सेंटरऑफ़ एडमोंटन (एडमोंटन के यौन आक्रमण केंद्र)
- एडमोंटन विमेंस शेल्टर (एडमोंटन महिला आश्रय)
- फॅमिली वायलेंस प्रिवेंशन सेंटर (परिवार हिंसा निवारण केंद्र) – जॉन हॉवर्ड सोसाइटी
- पेट सेफ कीपिंग प्रोग्राम (पालतू सुरक्षितता कार्यक्रम) – अल्बर्टा एस पी सी ए
- लीगल एव (कानूनी एवेन्यू)
- इंडो कैनेडियन विमेंस (महिला) एसोसिएशन

Notes